विचार
"कविता का जो नया अंदाज-भाषा का नया तेवर-अक्सर देखता हूँ तो यही लगता है कि उसमें कवि अपने कथ्य के साथ आत्मीय नहीं है, वह कथ्य के भीतर नहीं है बल्कि उसे बाहर से देख रहा है"

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com



पेज 5

वर्ष- 2 | अंक-65 | दिल्ली, रविवार 28 अप्रैल 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

करैरा विधानसभा में मुख्यमंत्री ने चुनावी सभी को संबोधित करते हुए कहा कि

## तीन हजार क्विंटल में भी गेंहू की खरीददारी होगी

*शिवपुरी। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र की करैरा विधानसभा में शनिवार को सीएम मोहन यादव ने भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान करैरा सहित शिवपुरी जिले के भाजपा के पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा गरीबों की सरकार है। इस सरकार में कोई योजना बंद नहीं होने वाली हैं। गेंहू खरीदी की बात पर कहा कि सरकार ने 2700 रुपए क्विंटल का वादा किया था। आज 2275 केंद्र सरकार दे रही है 125 रुपए प्रदेश सरकार दे रही है। इससे वर्तमान में 2400 रुपए क्विंटल में गेंहू खरीदा जा रहा है। हमने 2700 का वादा पांच साल के लिए किया था। हो सकता है पांच साल के भीतर यह दाम बढकर 3 हजार भी पहुंच सकता हैं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा यहां की मूंगफली काजू वाली होती है। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले यहां डाकुओं के आतंक से लोग भयभीत रहते थे। वह भी जब बस में सवार होकर करैरा की ओर आते थे उस वक्त डाकुओं से हमेंशा भय रहता था। इस क्षेत्र को कांग्रेस ने लावारिस छोड़ रखा था। यह क्षेत्र डाकुओं के नाम से जाना जाने लगा था। जबकि क्षेत्र के लोगों का इससे कोई लेना नहीं था। शादी के कार्यक्रमों में लोगों को कठिनाई आती थी। सीएम ने आगे कहा की डाकुओं ने यहां भय फैला रखा था, वो समय कांग्रेस के लिए कलंक था। लेकिन भाजपा ने जैसे-तैसे डकैतों को इस क्षेत्र से साफ किया। कांग्रेस की दुकान बंद मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कई योजनाओं का लाभ भाजपा सरकार दे रही है। सीएम ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि योजनाओं को देख कांग्रेस के लोगों की छाती पर सांप लोटते हैं। योजनाओ को बंद करने तक की कहते हैं। कांग्रेस की दुकान बंद हो गई पूरे देश में झाड़ू लग रही है। इस दौरान उन्होंने चुनावी सभा में आर्थिक सर्वे के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपकी जमीन आपसे छीनकर किसी अन्य को देने की बात कर रही है।*



### मथुरा वाले के लिए जाएगा हमारा वोट

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार हमने देश की एकता, अखंडता और शांति के लिए वोट दिया। दूसरी बार भगवान राम से लेकर जीवन रक्षा के लिए वोट दिया। अब तीसरी बार हमारा वोट 7 मई के दिन मथुरा वाले के लिए जाएगा। हम सब की उंगली पर भगवान श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र दिया है। 7 मई के दिन सब की उंगली पर सुदर्शन चक्र आएगा। जैसे ही आप अपनी उंगली पर कमल का फूल धारण करोगे तो अपने आप कांग्रेस के इस माहौल से हमको मुक्ति मिलेगी। आज का चुनाव नरेंद्र मोदी के लिए है, हम सब खड़े होकर संकल्प करें। एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में पड़ेगा। भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह को दिया हुआ वोट निश्चित रूप से भगवान श्रीकृष्ण की जय जयकार कराएगा।

### मोदी जी ने नल जल पहुंचाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर लोकसभा में 1,200 करोड़ रुपये की लगात से 4 लाख 24 हजार से अधिक परिवार को शुद्ध नल का जल पहुंचाने का संकल्प मोदी ने किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम 381 करोड़ रुपये की लागत से एकल नल जल योजना और हर लोकसभा क्षेत्र में एक-एक नया मेडिकल कॉलेज हम खोलते जा रहे हैं। आने वाले समय में चीता प्रोजेक्ट के माध्यम इस क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

### किसान और जवान दोनों का सम्मान किया

हमारी सरकार ने सीमा पर जवान और खेत में किसान, एक साथ दोनों को सम्मान देने का काम किया है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ जिन्होंने किसानों के लिए 6 हजार रुपये महीना सीधा उनके खाते में डालने का काम किया है। केन्द्र और राज्य सरकार के माध्यम से आपको कुल 12 हजार रुपये की राशि लगातार मिलती रहेगी। कांग्रेस के लोग रोज माला जपते हैं योजना का लाभ कैसे दोगे? योजना बंद कर दो।। हमने कहां कोई भी योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस कह रही सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है कांग्रेस के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह जी जो पहले कहते थे, वहीं आज कांग्रेस आपने घोषणा पत्र में कह रहे हैं कि इस देश के ऊपर सबसे पहला अधिकार मुसलमान बंधुवों का है। इन्होंने घोषणा पत्र में कहा है - इस देश के अंदर संसाधनों का आर्थिक सर्वे कराएंगे। उनके गुरु सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि अमेरिका में एक बहुत अच्छा टैक्स है, हम उसको भारत में लागू करवाएंगे। हम मुसलमानों का सम्मान करते हैं। हमने मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम को देश का राष्ट्रपति बनाया।

### कोई योजना बंद नहीं होगी

बहन, बेटियों आप चिंता मत करना.. हमारी सरकार ने जितनी योजना चालू की है। एक भी योजना बंद नहीं करेंगे। लाड़ली बहना योजना का पैसा भी आपको बराबर मिलता रहेगा। जिसका नाम योजना में छूट गया है, उसका नाम भी चुनाव के बाद जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है। सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है। सबका भला करने वाली सरकार है।

## ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर में चढ़ते समय लडखड़ाकर गिरीं

**दुगार्पुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलिकॉप्टर में चढये के दौरान लडखड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुगार्पुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी।



दुगार्पुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गई थीं।

## 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन होगा कैंसिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एविएशन रेगुलेटर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को गो फर्स्ट के लीज पर लिए गए सभी 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने डीजीसीए को अगले 5 वर्किंग डे में गो फर्स्ट की ओर से लीज पर लिए गए विमानों का डीरजिस्ट्रेशन प्रोसेस आगे बढ़ाने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति तारा वितास्ता गंजू की सिंगल-जज बेंच ने यह आदेश बीते दिन दिए। हाईकोर्ट ने एयरलाइन और उसके डायरेक्टर्स के मैनेजमेंट के लिए दिवाला कानून के तहत अपॉइंटेड रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया है।

## न्यूज. ब्रीफ

### अश्वेत की गर्दन दबाई, अस्पताल में मौत

**न्यूयार्क।** अमेरिका के ओहयो राज्य में एक अश्वेत शख्स की मौत के बाद वहां की पुलिस की कड़ी आलोचना की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओहायो के कैंटन पुलिस डिपार्टमेंट ने एक बार पर कार्रवाई की। इस दौरान एक शख्स की गर्दन को पैरों से जकड़ा और उसे हथकडि?ं लगाईं। कुछ देर में उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान 53 साल के फ्रैंक टायसन के तौर पर हुई। गिरफ्तारी के दौरान वह बार-बार कहता रहा कि वह सांस नहीं ले पा रहा है। हालांकि, पुलिस ने उसकी बात पर गौर नहीं किया। पुलिस वाला उसे कहता रहा कि तुम्हें कुछ नहीं हुआ है। तुम ठीक हो। हालांकि, टायसन ने पुलिस की कार्रवाई के 16 मिनट में ही दम तोड़ दिया।

### मणिपुर में सीआरपीएफ के 2 जवान शहीद

इम्फाल। मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के ठीक 6 घंटे बाद शुक्रवार-शनिवार रात विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए। घटना में दो जवान घायल भी हुए हैं। इनका इलाज इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में चल रहा है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने देर रात 12:30 बजे से लेकर 2:15 बजे के दौरान मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और बम भी फेंके। यहां सीआरपीएफ की चौकी के अंदर दो धमाके हुए। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को खदेड़ दिया। घटना में सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के इंस्पेक्टर जादव दास, सब इंस्पेक्टर एन सरकार, हेड कॉन्स्टेबल अरूप सैनी और कॉन्स्टेबल आफताब हुसैन घायल हो गए। इनमें एन सरकार और अरूप सैनी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## अब अमेरिका में एमडीएच और एवरेस्ट की जांच

### मसालों में कैंसर वाले कैमिकल मिलने का आरोप





**नई दिल्ली।** सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के एमडीएच और एवरेस्ट में कुछ मसालों को बैन करने के बाद अब अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन भी इस मामले में जानकारी जुटा रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने रॉयटर्स को बताया कि हम एमडीएच और एवरेस्ट को लेकर जारी रिपोर्ट्स को लेकर जागरूक हैं, और इसको लेकर ज्यादा जानकारी इका कर रहे हैं। हांगकांग और सिंगापुर में बैन के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई भी दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है। एमडीएच और एवरेस्ट मसाले भारत में बहुत लोकप्रिय हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं। **सिंगापुर-हॉन्गकॉन्ग में 4 मसालों पर बैन-** दरअसल, सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग ने एमडीएच और एवरेस्ट दोनों कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें बैन किया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि एमडीएच ग्रुप के तीन मसाला मिक्स-मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है।

## उत्तराखंड के जंगलों में 4 दिनों से आग लगी

### 11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित; आर्मी एरिया के करीब पहुंची; सेना के हेलिकॉप्टर लगाये गए

**देहरादून।** गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं अचानक बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 11 जिलों में है। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नैनीताल के भीमताल से सटे जंगलों में पिछले 4 दिनों से लगी आग खतरनाक हो गई है। लपटें नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी और आर्मी एरिया से कुछ दूर तक पहुंच गईं। अभी इलाका खाली नहीं कराया गया है। लोगों को अलर्ट



किया गया है। वन विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। आर्मी एरिया में आग पहुंचती देख एयरफोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर की मदद ली गई। सुबह से शुरू हुआ ऑपरेशन शाम को खत्म हो गया। अब तक 720 हेक्टेयर (1780 एकड़) जंगल को नुकसान पहुंचा है। यह आंकड़ा और बढ़ेगा।

अमेरिका ने पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने का किया ऐलान,

## रूस के खिलाफ मजबूत होगा यूक्रेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को सबसे बड़ी सैन्य मदद देने का एलान किया है। इसके तहत अमेरिका यूक्रेन को 6 अरब डॉलर की सैन्य मदद देगा, जिससे यूक्रेन हथियारों की खरीद करेगा, जिनमें पैट्रियट इंटरसेप्टर्स और एनएएसएएमएस एयर डिफेंस सिस्टम शामिल है। इनकी मदद से यूक्रेन को रूस के हवाई हमलों से बचने में काफी मदद मिलेगी। यूक्रेन की तरफ से लंबे समय से पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने की मांग की जा रही थी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को यूक्रेन को सैन्य मदद देने का एलान किया। यह मदद यूक्रेन सिक्योरिटी असिस्टेंस इनीशिएटिव के तहत दी गई है, जिसकी मदद से यूक्रेन अमेरिकी





कंपनियों से नए हथियारों का अधिग्रहण करेगा। पेंटागन में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ऑस्टिन ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ी सैन्य मदद है और यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई जल्द की जाएगी। इस सैन्य मदद के तहत यूक्रेन को अमेरिका से ड्रोन्स से निपटने वाला सिस्टम, आधुनिक हथियार और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार मिलेंगे। 60 अरब डॉलर की मदद का हिस्सा है 6 अरब डॉलर की मदद अमेरिका ने यूक्रेन को 60 अरब डॉलर का सहायता पैकेज देने का एलान किया था। यह 6 अरब डॉलर की सैन्य मदद भी उसी पैकेज का हिस्सा है। इस मदद से यूक्रेन को रूस के खिलाफ लड़ाई में काफी मदद मिलेगी। खासकर यूक्रेन को अमेरिका से एयर डिफेंस सिस्टम के तहत पैट्रियट मिसाइलें और एनएएसएएमएस एयर डिफेंस सिस्टम भी मिलेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी की सैन्य मदद पर खुशी जताई लेकिन ये भी कहा कि अभी उन्हें और एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है, जिससे रूस के हवाई हमलों से निपटा जा सके।

भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक

## तेल लेकर रूस से भारत आ रहा था हूतियों ने ली हमले की जिम्मेदारी





*नई दिल्ली। भारत आ रहे एक जहाज पर शनिवार को लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ है। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है। जहाज का नाम अंड्रोमेडा स्टार बताया गया है। ये तेल लेकर भारत आ रहा था। शिप के मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी सेना का सेंट्रल कमांड के मुताबिक जहाज ब्रिटेन का है जिस पर एंटीगुआ और बारबाडोस का झंडा लगा था।*

### जहाज पर कई मिसाइलों के साथ 2 बार हमले हुए

भारत आ रहे जहाज पर 2 बार हमले हुए। इस दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागीं। हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरी। दूसरे हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा। लाल सागर में जहाज पर हमला कई दिनों की शांति के बाद अचानक हुआ है। इससे पहले इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने भारत आ रहे एक जहाज को होर्मुज पास से कब्जे में ले लिया था। ईरान ने कहा था कि वो बिना मंजूरी उनकी समुद्री सीमा में घुसा था। जहाज के क्रू मेंबर्स में 17 भारतीय और 2 पाकिस्तानी भी थी। ईरान ने पाकिस्तान के 2 नागरिकों और भारत की एक महिला क्रू मेंबर को छोड़ दिया। जबकि बाकी 16 भारतीय अभी भी ईरान की कैद में हैं।

## खाई में गिरी बस, 20 यात्री घायल



*बुरहानपुर। बुरहानपुर में एक बस 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। रॉयल ट्रेवल्स की यह बस इंदौर से महाराष्ट्र के अकोला जा रही थी। हादसा शाहपुर थाना क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। सभी घायलों को 9 एम्बुलेंस से बुरहानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया है। यात्रियों को हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। बस में करीब 40 से 45 यात्री सवार थे। यात्रियों ने एक-दूसरे की मदद की, जिससे सभी बाहर निकल सके। बताया जा रहा है कि शाहपुर के जसौन्दी में कलोरी घाट पर चढ़ाई के समय बस आगे न जाते हुए रिवर्स होकर करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। संजय नामक यात्री ने कहा कि मैं बस से नीचे उतरा था। बस गर्म हो रही थी, तभी चढ़ाई के कारण वह रिवर्स हो गई। लखन सांवले ने बताया बस में लगेज था।*

0000000 पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत कर रहा चीन

## पड़ोसी के लिए आठ हंगोर श्रेणी की पनडुब्बियां बना रहा ड्रैगन

**इस्लामाबाद।** चीन, भारत के खिलाफ पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत करने में जुटा है। इसी के तहत चीन ने आठ हंगोर श्रेणी की पनडुब्बियों के निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत कर दी है। चीन ये आधुनिक पनडुब्बियां पाकिस्तान के लिए ही बना रहा है। इस पनडुब्बी सौदे से चीन और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। चीन के शुआंगलियु बेस पर वुचांग



शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप ने इन पनडुब्बियों के निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पाकिस्तानी नौसेना के चीफ एडमिरल नवीद अशरफ भी मौजूद रहे। चीन और पाकिस्तान के बीच हुए सौदे के तहत हंगोर श्रेणी की चार पनडुब्बियों का निर्माण चीन में होगा और बाकी की चार पनडुब्बियों का तकनीक ट्रांसफर समझौते के तहत पाकिस्तान के कराची में स्थित कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स में तैयार किया जाएगा। ये पनडुब्बियां अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस हैं, जिसमें आधुनिक हथियार, सेंसर्स लगे हैं। पाकिस्तान को युद्धक जहाज भी दे



# अहिंसा, संयम व तप रूपी धर्म में रत रहे मानव : अध्यात्मवेत्ता आचार्यश्री महाश्रमण

## बीड प्रवास का दूसरा दिन, दर्शन व मंगल प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

## मुख्यमुनिश्री व साध्वीवयार्जी ने भी बीडवासियों को किया उद्बोधित

- चार कि.मी. का विहार कर आचार्यश्री पधारे मां वैष्णव पैलेस
- सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दी अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति






♦भारत टाइम्स♦

**बीड (महाराष्ट्र)।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता, भगवान महावीर के प्रतिनिधि, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी अपनी धवल सेना का कुशल नेतृत्व करते हुए महाराष्ट्र की धरा पर गतिमान हैं। मई महीने में महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश करने के उपरान्त से अभी तक आचार्यश्री महाराष्ट्र के ही विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा प्रवास कर रहे हैं। महाराष्ट्र की जनता भी मानवता के मसीहा से मानवीय गुणों को ग्रहण कर अपने जीवन का कल्याण कर रही है। अपनी इस यात्रा के दौरान युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने महाराष्ट्र की जनता पर ऐसी कृपा बरसाई है कि जनता अपने आराध्य के गुणों का गान करते नहीं थक रही है। वर्ष 2023 का पंचमासिक चतुर्मास, वर्ष 2024 का मयार्दा महोत्सव, वर्ष 2024 की अक्षय तृतीया, जन्मोत्सव, पट्टोत्सव जैसे सभी महनीय कार्यक्रम महाराष्ट्र राज्य की सीमा में ही सम्पन्न हुए अथवा कुछ होने वाले हैं। भला ऐसे कृपालु आराध्य की अभिवंदना करते जनता कैसे अघा सकती है। महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी वर्तमान में बीड जिला मुख्यालय पर द्विदिवसीय प्रवास कर रहे हैं। प्रवास के दूसरे दिन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी बीड के चंपावती हाईस्कूल से प्रातः की मंगल बेला में प्रस्थान किया। आज का विहार बीड मुख्यालय पर ही लगभग चार किलोमीटर का ही था, किन्तु श्रद्धाभावों को स्वीकार करने में आचार्यश्री के विहार में प्रायः लगने वाला समय उतना ही था। जन-जन को आशीष बांटते हुए आचार्यश्री बीड में ही स्थित मां वैष्णव पैलेस में पधारे। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने उपस्थित जनता को पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि जिस आदमी का मन सदैव धर्म में रमा रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। मनुष्य मनुष्य को नमस्कार करे, यह सामान्य बात, मनुष्य किसी देव को नमस्कार करे, यह भी विशेष बात नहीं, किन्तु जब कोई देव मनुष्य को नमस्कार करे तो बड़ी बात होती है। देवता उसे ही नमस्कार करते हैं, जिसका मन सदा धर्म में रमा रहता है। इससे धर्म की महिमा प्रतीत होती है कि धर्म कितना महत्त्वपूर्ण तत्त्व होता है। आदमी को ऐसे धर्म में रत रहने का प्रयास करना चाहिए। प्रश्न हो सकता है कि कौन-से धर्म में आदमी रमे, इस संदर्भ में प्रेरणा दी गई कि अहिंसा, संयम और तप रूपी धर्म में रत रहने का प्रयास करना चाहिए। अहिंसा धर्म की अनुपालना के आदमी के लिए आदमी को अपनी आत्मा के समान ही सभी प्राणियों को आत्मस्वरूप मानने का प्रयास करना चाहिए। सभी प्राणियों के प्रति दया, अनुकंपा की भावना रखने का प्रयास करना चाहिए। दुनिया में अनंत जीवात्मा हैं। संसारी जीव भी अनंत-अनंत होते हैं। आदमी-आदमी की हिंसा न करे और जितना संभव हो सके, भला एक चींटी की भी हिंसा क्यों हो। जहां हिंसा होती है, वहां दुःख पैदा होता है। हिंसा से दुःख पैदा होता है और जहां अहिंसा, दया, करुणा, अनुकंपा है, वहां सुख हो सकता है। आदमी सोचे कि जैसे मुझे सुख प्रिय है तो सभी जीवों को भी सुख की कामना होती है। आदमी को अभय का भाव रखने का प्रयास करना चाहिए। आदमी का डरना दुर्बलता और डराना भी गलत होता है। इसलिए आदमी न स्वयं डरे और न ही दूसरों को डराए। आदमी को यथासंभव अहिंसा की पालन करने का प्रयास करना चाहिए। हिंसा लोभ के कारण भी होती है तो आदमी को ज्यादा लोभ से भी बचने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को अहिंसा रूपी धर्म की आराधना करने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को अहिंसा, संयम और तप की आराधना हो और इसकी भावना भी पुष्ट रहे। आचार्यश्री के मंगल प्रवचन के उपरान्त मुख्यमुनिश्री महावीरकुमारजी व साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी ने भी बीडवासियों को उद्बोधित किया। बीड से संबंधित मुनि लक्ष्यकुमारजी ने भी अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति दी। ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों ने अपने आराध्य के समक्ष अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति दी। तेरापंथी सभा-बीड के अध्यक्ष श्री नेमकरण समदड़िया, जैन समर्थ गच्छ के अध्यक्ष श्री विजयराजजी, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र महाजन व श्री सुभाषजी ने अपनी आस्थासिक्त अभिव्यक्ति दी। तेरापंथ महिला मण्डल, तेरापंथ युवक परिषद व जैन समाज की महिलाओं ने अपनी-अपनी गीत का संगान किया। तेरापंथ कन्या मण्डल ने भी अपनी प्रस्तुति दी। बीड की बहन-बेटियों ने भी गीत का संगान किया। अम्बाजोगाई तेरापंथ महिला मण्डल ने भी गीत का संगान किया। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री श्री जयदत्त अन्ना क्षीरसागर ने भी आचार्यश्री के दर्शन कर आचार्यश्री से पावन आशीष प्राप्त करने के उपरान्त अपनी भावनाओं की भी अभिव्यक्ति दी।

# धूम-धाम से हुई आईमाता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

## शोभा यात्रा में छाया उल्लास, आईमाता के जयकारों से गुंजायमान हुआ गुडा एन्दला

♦भारत टाइम्स♦






**पाली।** सोजत गुडा एन्दला गांव में नवनिर्मित आईमाता मंदिर की बुधवार को धर्मगुरू दीवान माधवसिंह एवं साधु संतों के सानिध्य में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूम-धाम से सपन्न हुआ। संस्था के सचिव थानाराम काग ने बताया की ब्रहम मुहूर्त में लाभार्थी परिवारों के जयकारों बीच समाज की आराध्य आईमाता की मूर्ति की स्थापना की। दीवान माधवसिंह की उपस्थिति में अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापना की गई। इसके बाद जयकारों के साथ अखंड ज्योत और पाट, कलश, धव्जा भी विधि-विधान पूर्वक स्थापित किए गए। विभिन्न चढ़ावों के लाभार्थियों ने देवी-देवताओं की मूर्ति पर तिलक, भोग व हार अर्पित किए। आयोजित धर्म सभा में अध्यक्ष मोहनलाल परमार ने आगंतुकों का स्वागत किया। समोरह में दीवान साहब ने समाज के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए माता की भक्ति में सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। ट्रस्ट की ओर से दीवान साहब का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न चढ़ावों के लाभार्थियों एवं अन्य वडेरो के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अन्य सहयोगियों का भी सम्मान किया गया। इससे पूर्व भव्य वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़े में पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पहुंचे महिलाएं व पुरूषों ने भाग लिया। वरघोड़े में माता का रथ और रथ में सवार धर्मगुरू दीवान माधवसिंह सभी को आशिर्वाद दे रहे थे। आयोजन को लेकर विभिन्न मार्गो से गाजे बाजे संग शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया। जिसमें बड़ी संख्या में सजी-धजी बालिकाएं महिलाएं सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाती नजर आई। ढोल बाजों व चंग की थाप पर गेरियों ने थिरकने का आनंद लिया। शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जगह -जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। वरघोड़ा विभिन्न मार्गो से होते हुए मुख्य पंडाल में पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। आईपथ की परंपरा के अनुसार धर्मगुरू दीवान साहब का संपूर्ण कार्यकारिणी ने सम्मान रूप नजराना पेश किया। इस कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि अतिथि पुनाराम चोयल आर.सी.एम, रमेश सीरवी पुनाड़िया एस.डी.एम, पदम सीरवी आर.ए.एस. का समाज की ओर से सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष डायाराम परमार ने आभार प्रकट किया। आयोजित महाप्रसादी का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। मंच का संचालन प्रेमकुमार सीरवी ने किया।

# सुप्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका यशोदा सोलंकी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦



**खिंवाड़ा।** हिन्दी जगत की जानीमानी कवयित्री और फिल्म लेखिका यशोदा सोलंकी को उनके द्वारा हिन्दी भाषा, साहित्य और सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे विशिष्ट कार्यों, प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ मथुरा (उत्तरप्रदेश) द्वारा विद्यावाचस्पति (मानद डॉक्टरेट) की उपाधि से अलंकृत किया गया।मूलत नाडोल की बेटी एवं खिंवाड़ा की बहु यशोदा सोलंकी मालवीय विगत लंबे समय से कविता, फिल्म पटकथा, गीत, गजल लेखन के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय है। अंगदान के ऊपर लिखे गीत पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री माननीय मनसुख मण्डावीया द्वारा इन्हें सम्मानित किया है, इसके अलावा भी विविध राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुकी है। इन्हें इस सम्मान से विभूषित किये जाने पर उनके पैतृक गांव नाड़ोल के नरेंद्र बोहरा सह प्रचार प्रमुख विहिप जोधपुर प्रान्त, मुम्बई चेन्नई एकता परिषद् सयोंजक केवल चंद मांडोत, बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य, अरावली विकास समिती के राष्ट्रीय संयोजक के एम सुथार,अंबेडकर सेवा संस्था के सयोंजक बस्तीमल सोनल सहित परिजनों व शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है।

# अजमेर मण्डल ने कबाड़ (स्क्रैप) को बेचकर 27.80 करोड़ रूपए अर्जित किये

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** रेलवे द्वारा रेल परिसरों में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पडे कबाड़ (स्क्रैप) के निस्तारण करने के लिये अनेक कार्य किये जा रहे है जिससे इनके हटने से सुरक्षा में वृद्धि होने के साथ-साथ परिसरों में स्वच्छता को भी सुनिश्चित किया जा सकें। कबाड़ निस्तारण के लिये भंडार विभाग द्वारा रेलवे स्टेशनों, रेलखण्ड, डिपो, वर्कशॉप, शेड, तथा रेलवे परिसरों को कबाड़ मुक्त करने के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड (स्क्रैप) को बेचकर 27.80 करोड़ रुपए की आय का अर्जन किया है। भण्डार विभाग द्वारा स्टेशनों, रेल परिसरों, फील्ड यूनिट्स से पुराने कबाड़ को हटाने तथा बेचने के लिए अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। स्क्रैप के हटने से सुरक्षा तथा रेलवे परिसरों की स्वच्छता में हुई वृद्धि है

अजमेर मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सामग्री की बिक्री से 27.80 करोड़ रुपये की कमाई हासिल की है। यह उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय द्वारा दिए गए लक्ष्य से 15.83% अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में बेची गई मुख्य सामग्रियों में रेल, पुराने क्वार्टर, पुराने शेड, पुरानी पानी की टंकियां, बेकार वाहन आदि जैसे स्क्रैप शामिल थे। सामान्यतः रेलवे द्वारा स्क्रैप में अनुपयोगी रेल, रेल पथ सामग्री, अनुपयोगी वैगन, कोच और लौह स्क्रैप भी सम्मिलित होते है।

# राष्ट्र प्रथम से प्रेरणा लेकर पिता को मुखाग्नि देने से पूर्व किया मतदान

♦भारत टाइम्स♦



**आमेट।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में कुम्भलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आगरिया वाडा के बूथ नंबर 54 पर लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदान दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय आगरिया कि वाड़ा में एक अनोखी मिसाल कायम की अपने पिता का सड़क दुर्घटना में निधन हो जाने के बावजूद भी उनके पुत्रों ने अपने पिता को मुखाग्नि देने से पहले राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए मतदान बुथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। ग्राम आगरिया कि वाड़ा के निवासी गजू सिंह रावणा राजपूत का 25 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था।जिसका पार्थिव शरीर दिनांक 26 अप्रैल 2024 को अपने निज आवास आगरिया कि वाड़ा में लाया गया । पार्थिव शरीर के क्रिया कर्म करवाने के पश्चात शव यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व मतदान टोली के कार्मिक और बीएलओ उन के घर पहुंच कर परिवार के सदस्यों से मतदान करने का निवेदन किया।मृतक के दोनों पुत्र नारायण सिंह व भरत सिंह ने परिवार के सभी लोगों ने विचार विमर्श कर अपने पिता के शरीर को मुखाग्नि देने के पहले मतदान बुथ पर पहुंचकर दोनों पुत्रों ने और परिवार के सभी सदस्यों अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके पश्चात घर पहुंच कर अपने पिता के पार्थिव शरीर को श्मशान लेकर गए और उन्हें मुखाग्नि दी।वोट डालकर अनोखी मिसाल कायम की अपने पिता के शरीर को मुखाग्नि देने से पूर्व इन्होंने अपने देश धर्म राष्ट्र के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# दो महिने पहले जेल से छूटा और फिर लग गया वाहन चोरियों में

- सात वारदातें कबूली छह गाडियां बरामद शौक मौज पूरा करने के लिए 5 हजार में बेच देता बाइक खरीददार भी पकड़ा गया

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** दो महिने पहले जेल से छूटा और फिर लग गया वाहन चोरियों में। शहर की महामंदिर पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जो अपने शौक मौज के लिए शहर में घूमता और गाडियां चुराकर बेच देता था। दो महिने पहले जेल से छूटा और दो महिनों में सात वाहन चोरी कर लिए। छह गाडियों को पुलिस ने बरामद किया है। चोरी की गाड़ी खरीदने वाले एक शख्स को भी पकड़ा गया है। शहर के कई थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी करना बताया है। थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि गत दिनों पाली जिले के सिरीयारी गुड़ाधनावता निवासी कूपसिंह ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दी थी। जिस पर पुलिस की एक टीम हैडकांस्टेबल सतीशचंद, कांस्टेबल प्रकाश, रतनलाल, विश्वदीपसिंह एवं सुरेश की गठित की गई। पुलिस ने अथक परिश्रम के उपरांत एक शातिर वाहन चोर भोपालगढ़ के तेलियों का बास गोदावास हाल सोजत सिटी में किराए पर रहने वाले बरकत पुत्र अमराराम को गिरफ्तार किया। उसके साथ में एक वाहन खरीदने वाले शख्स नांदड़ाकलां निवासी महेंद्र पुत्र भैरूलाल सरगरा को भी गिरफ्तार किया गया है। दो माह पहले छूटा थानाधिकारी शिवलाल ने बताया कि आरोपी बरकत दो महिने पहले बनाड़ पुलिस द्वारा वाहन चोरी के आरोप में जेल भिजवाया गया था। वह फिर छूटा और वाहन चोरी में लग गया। उसने दो महिनों में सात वाहन चोरी की वारदातें कबूल की हैं। उसकी निशानदेही पर छह गाडियों को जब्त किया गया है। मास्टर चाबी से लॉक तोडकर चुराता बाइक आरोपी बरकत इतना शातिर है कि मास्टर चाबी से गाडियों के लॉक को तोड़ देता फिर चुराकर ले जाता। कुछ दिन तक गाड़ी अपने पास में रखता और फिर पांच सात हजार में अपने नशे की पूर्ति व शौक के लिए बेच देता था। वह सोजत सिटी भाग जाता था। एक दर्जन से ज्यादा प्रकरण दर्ज आरोपी बाइक चोर बरकत के खिलाफ वाहन चोरी के एक दर्जन प्रकरण दर्ज हैं। उसने सरदारपुरा, बनाड़, महामंदिर, उदयमंदिर, रातानाडा सहित अन्य स्थानों से गाडियों को चुराया है।खरीदार के खिलाफ तीन प्रकरण दर्ज चोरी की गाड़ी खरीदने वाले नांदड़ा कलां निवासी महेंद्र सरगरा के खिलाफ तीन प्रकरण पहले से सामने आए है। बनाड़,मंडोर में केस दर्ज हो रखे हैं। जिसमें एक केस अपहरण का दर्ज हो रखा है।

दो महिने पहले जेल से छूटा और दो महिनों में सात वाहन चोरी कर लिए। छह गाडियों को पुलिस ने बरामद किया है। चोरी की गाड़ी खरीदने वाले एक शख्स को भी पकड़ा गया है। शहर के कई थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी करना बताया है। थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि गत दिनों पाली जिले के सिरीयारी गुड़ाधनावता निवासी कूपसिंह ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दी थी। जिस पर पुलिस की एक टीम हैडकांस्टेबल सतीशचंद, कांस्टेबल प्रकाश, रतनलाल, विश्वदीपसिंह एवं सुरेश की गठित की गई।

आवश्यकता
भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है।
यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।
Bharattimesnews01@gmail.com
Whatsapp
9509745147
9799911545

# जोधपुर डबल रेल लाइन से जयपुर से जुड़ा,दूरी होगी कम

- गोविंदी मारवाड़ से नावा रेलवे स्टेशनों के बीच 120 किमी की स्पीड से दौड़ी सीआरएस स्पेशल ट्रेन
- राइकाबाग से फुलेरा के बीच 250 किमी मार्ग पर दोहरीकरण हुआ पूरा

♦भारत टाइम्स♦





**जोधपुर।** गोविंदी मारवाड़ से नावा सिटी रेलवे स्टेशनों के बीच शनिवार को सीआरएस स्पेशल ट्रेन से 120 किलोमीटर प्रतिघंटा के रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल के साथ ही राइकाबाग-फुलेरा रेल दोहरीकरण परियोजना पूरी हो गई है। इस दोहरीकरण कार्य के पूरा होने से जोधपुर डबल लाइन से जयपुर से जुड़ गया है और अब ट्रेनें क्रॉसिंग में रुकेगी नही जिससे दूरियां और कम होगी। इसके साथ ही मालगाड़ियों का संचालन भी सुगम होगा। वेस्टर्न सर्किल के संरक्षा आयुक्त आर के शर्मा ने शनिवार को एक दिन के निरीक्षण दौरे के तहत नावा सिटी पहुंचे थे जिन्होंने उत्तर पश्चिम रेलवे जोन व जोधपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल दोहरीकरण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद देर शाम गोविंदी मारवाड़ से नावा सिटी रेलवे स्टेशनों के मध्य सीआरएस स्पेशल ट्रेन 120 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से दौड़ाकर सफल ट्रायल लिया। सीआरएस स्पेशल शाम 6.15 बजे गोविंदी मारवाड़ से रवाना होकर 6.23 बजे नावा सिटी पहुंच गई। सफल रन ट्रायल से मंडल के अधिकारियों व कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इसके साथ ही राइकाबाग से फुलेरा स्टेशनों के बीच 250 किमी मार्ग का दोहरीकरण कार्य पूरा करवा लिया गया है तथा इससे अब ट्रेनों का संचालन सुगम होगा तथा ट्रेनें क्रॉसिंग में लेट नही होगी। इससे पहले संरक्षा आयुक्त ने नावा सिटी रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग में रेल दोहरीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने मोटर ट्रॉली से नावा सिटी से गोविंदी मारवाड़ रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारी जो थे साथ इस दौरान उनके साथ डीआरएम पंकज कुमार सिंह,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) वेदप्रकाश, चीफ इंजीनियर (टेरिटोरियल) अतुल गुप्ता, चीफ इंजीनियर (निर्माण) एस एल मीणा, मुख्य परिचालन प्रबंधक विवेक रावत, मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण) विश्वेश्वर दयाल,मुख्य बिजली इंजीनियर (वितरण) जगदीश चौधरी,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजीत मीणा, वरिष्ठ मंडल संकेत व दूरसंचार इंजीनियर सुरेश नेहरा, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर विजय चौधरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(पूर्व) मनोहर सिंह, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी सहित अनेक अधिकारी व निरीक्षक थे।

न्यूज. ब्रीफ

## जोधपुर में लोकसभा चुनाव 2024 में कुल मतदान 63.3 प्रतिशत

**जोधपुर।** जोधपुर में लोकसभा चुनाव 2024 में कुल मतदान 63.3 प्रतिशत रहा है। यह आंकड़ा 2019 के लोकसभा चुनाव से 5 प्रतिशत कम है। इस साल घटे मतदान प्रतिशत के आंकड़े को लेकर दोनों ही पार्टी में जोड़-तोड़ की गणित शुरू हो गई है।जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल है। सात समंदर पार ओमान में रहने वाले एनआरआई गोविंद दौलानी भी पिछले पचास सालों से विदेश में रह रहे है मगर जब भी लोकतंत्र का पर्व होता है तो इसमें अपनी आहूति देने के लिए सभी काम काज छोडकर भी भारत अपने वतन लौट आते है। इस बार भी जब लोकसभा चुनाव के दौरान जोधपुर में मतदान किया। साथ ही मतदान के बाद सभी को यही संदेश भी दे रहे है कि जब वह सात समंदर पार होने के बावजूद भी यहां आकर चुनाव में अपनी आहूति दे रहे है तो यहां पर रहने वाले लोग भी शत प्रतिशत मतदान कर अपने देश की सरकार को चुने ताकि देश का विकास हो सके।

## सूर्यनगरी जोधपुर में भी पर्यावरण के प्रति अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**जोधपुर।** आज विश्व अर्थ दिवस पर प्रदेश के अन्य जिलो की तरह सूर्यनगरी जोधपुर में भी पर्यावरण के प्रति अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जोधपुर में होटल इंडस्ट्री से जुडे लोगो द्वारा भी एक आयोजन जोधपुर के रेजीडेंसी रोड पर प्लांटेशन कर किया गया। होटल इंडस्ट्री से जुडे लोगो द्वारा अपनी होटल के नजदीक ही प्लांटेशन कर एक सभी को संदेश भी दिया कि अगर अर्थ को बचाए रखना है तो इस तरह पर्यावरण के प्रति हमे समर्पित रहकर कार्य करना होगा। केवल पर्यावरण के लिए पौधे लगाना ही नही बल्कि पानी को बचाने का भी संदेश होटल इंडस्ट्री से जुडे लोग देते नजर आए। होट इंडस्ट्री से जुडे लोगो द्वारा पूरे सप्ताह अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें अर्थ की रक्षा के लिए अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे।

## गंगा में उतराया मिला युवक का शव

**रामनगर।** स्थानीय थानांतर्गत बलुआ घाट पर शनिवार की सुबह एक लगभग 35 वर्षीय युवक का शव उतराया हुआ मिला। युवक का शव फूला हुआ था। उसके हाथ पर कई जगह जख्मों के निशान थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि शव कई दिन पुराना है और पानी के जानवरों के काटने से जख्म हो गए थे। लोगों द्वारा सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर किट में रखवा दिया है। मृतक पीला टी शर्ट और नीला कलर का लोअर पहने हुए है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नही हो पाई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के मर्चरी में रखवा दिया है।

## समोगर स्थित दुकान में लगी आग, 20 लाख का सामान स्वाहा

**संजय यादव। रामनगर। वाराणसी।** रामनगर चौराहे के समीप समोगर मंदिर परिसर में स्थित एक परचून की दुकान में शनिवार को तड़के भीषण आग लग गई। जिसके चलते लगभग 20 लाख का सामान जल कर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार समोगर में गिरिजा साव के नाम से मशहूर परचून की दुकान है। लगभग दो बजे दुकान में आग लग गई। आग की लपटें उठते देख एक ऑटो चालक ने पास में स्थित पुलिस पिकेट को दी। इसके बाद फायर स्टेशन को सूचना देने के बाद दुकानदार समेत आस पास के दुकानदारों को भी सूचना दी गई। देखते ही देखते दुकान में आग फैलने लगी। लोगों ने बालू और पानी फेंक कर आग बुझाना शुरू किया लेकिन कामयाबी नही मिली। लगभग साढ़े तीन बजे फायर ब्रिगेड की दो गाड़िया पहुँची। लगभग तीन घण्टे प्रयास के बाद आग बुझाने में कामयाबी मिली।

## बाइक और ऑटो में टक्कर, तीन घायल


**रामनगर ।** वाराणसी स्थानीय थाना क्षेत्र के मालवीय पुल पर शनिवार की शाम एक बाइक सवारों और ऑटो में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार तीनों घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार हो कर खजुरी निवासी अंकुर जायसवाल, भदऊँचुंगी निवासी प्रिया कुमारी, और पंखुड़ी कुमारी कहीं जा रहे थे। जैसे ही वे सूजाबाद चौकी के सामने ढलान पर पहुँचे वैसे ही सामने से तेज गति से आ रही ऑटो से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में प्रिया 24 और पंखुड़ी 14 के पैर टूट गए जबकि अंकुर को भी चोटें लगी। प्रिया और पंखुड़ी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुँचाया गया। हादसे में शामिल ऑटो को सूजाबाद पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। जबकि ऑटो चालक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।


## बन्द पड़ी फैक्ट्री में लगी आग

**रामनगर।** वाराणसी क्षेत्र के औद्योगिक नगर फेस वन में पिछले 10 सालों से बंद पड़े टेंट के लिए परदा बनाने की फैक्ट्री के गोदाम में शनिवार को रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गई।रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। लगभग चार घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड के वाहनो ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग को बुझा दिया वरना किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। बताते चलें कि अविनाश अग्रवाल की रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेस वन में पर्दा बनाने की फैक्ट्री थी जो पिछले लगभग 10 सालों से बंद पड़ी हुई थी। गोदाम में खिड़की दरवाजे भी नहीं थे। परिसर में झांड-झंखाड़ उग आए थे। गोदाम में पुराने परदा के कुछ कपड़े रखे हुए थे। उन्ही में किन्ही वजहों से आग लग गई।

बीएन विधि संकाय द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए आमजन में जागरुकता की आवश्यकता - न्यायाधीपति झाला




**अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता डॉ आशुतोष पितलिया ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में न्यायाधीपति झाला ने मानवाधिकार आयोग के गठन एवं महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए मानवाधिकार आयोग को प्राप्त होने वाली शिकायतो की निवारण प्रक्रिया को समझाया।**

♦भारत टाइम्स♦

**उदयपुर।** विधि संकाय, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर में दिनांक 27 अप्रेल 2024 को एक दिविसीय राष्ट्रीय सेमिनार चैलेंजस इन दी प्रमोशन एंड प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स इन इंडिया विषय पर आयोजित किया गया जिनमे105 प्रतिभागियों ने भाग लिया, उक्त प्रतिभागीयों ने देश के विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयो, एवं संथाओ का प्रतिनिधित्व किया। सेमिनार में दो टेक्निकल सेशन सहित कुल चार सेशन आयोजित हुए। जिसमे इनोग्रल सेशन में न्यायाधिपति रामचंद्र सिंह झाला, अध्यक्ष, राजस्थान मानवाधिकार आयोग एवं प्रवीण वर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता डॉ आशुतोष पितलिया ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में न्यायाधीपति झाला ने मानवाधिकार आयोग के गठन एवं महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए मानवाधिकार आयोग को प्राप्त होने वाली शिकायतो की निवारण प्रक्रिया को समझाया। विशिष्टि अतिथि प्रवीण वर्मा ने मानवाधिकारो की सुरक्षा के लिए न्याय पालिका की भूमिका को समझाया। विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने पुरातन समय से ही भारत में चले आ रहे मावनाधिकारो के रक्षार्थ किये जाने वाले प्रयासो एवं वेदो में मानवाधिकार के महत्व को समझाया। विद्या प्रचारिणी सस्थांन सचिव प्रो. महेंद्रसिंह राठौड़ ने समाज की अन्तिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के महत्व को समझाया।। प्रबंधनिदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, ने समय-समय पर ऐसी सगोंष्ठियो के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य डॉ युवराज सिंह जी बेमला, एडवोकेट कमलेश्वर सिंह जी कच्छेर एवं विश्वविद्यालय के सभी संकायो के डीन डाइरेक्टर उपस्थित रहे। प्रथम टेक्निकल सेशन जो की ऑफ लाइन आयोजित किया गया जिसमे 31 प्रतिभागियों ने मानवाधिकारों के विभिन्न आयामों पर अपने शोध पत्र का वाचन किया। इस सेशन में डॉ. अनुराधा तिवारी, प्रिंसिपल के एन काटजू लॉ कॉलेज, रतलाम मध्यप्रदेश ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया तथा डॉ. विवेक नागर, प्रिंसिपल ज्ञान मंदिर लॉ कॉलेज, नीमच मध्यप्रदेश ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। द्वितीय टेक्निकल सेशन जो कि ऑन लाइन आयोजित किया गया जिसमे 70 प्रतिभागियों ने मानवाधिकारों के विभिन्न आयामों पर अपने शोध पत्र का वाचन किया। इस सेशन में डॉ. सतीश नागर, असिस्टेंट प्रोफेसर, गोधरा लॉ कॉलेज, गुजरात ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया तथा डॉ.शिव दयाल व्यास, प्रिंसिपल महाराणा प्रताप लॉ कॉलेज चित्तोडगढ ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो.आर एल भट्ट तथा सतीश चन्द्र जोशी थे। डॉ. अनिला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन डॉ किरण चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ शीखा नागोरी, डॉ. पुष्पलता डांगी, श्री पियुष चव्हाण आदि उपस्थित थे।

# वृद्धजनों व दिव्यांगजनों के साथ सभी नागरिको को दिलाई शपथ किया गया मतदान के प्रति जागरूक

पेटलावद का संयुक्त अभियान सीएमओ ने दिलाई शपथ





♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निदेर्शानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल जितेन्द्रसिंह चौहान के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 झाबुआ-रतलाम संसदीय क्षेत्र हेतु 13 मई को होने वाले मतदान हेतु मतदाता अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करे इस उद्देश्य से नगर परिषद पेटलावद के बैनर तले पेटलावद विधानसभा के जनपद,बीआरसी, महिला बाल विकास विभाग व एनयूआरएलएम सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों ने स्वीप प्लान के तहत वृद्धजनों व दिव्यांग जनों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारीयो व नागरिकों की रैली निकालकर नगर परिषद कार्यालय प्रांगण में समझाईश दी गई। नंदूजी गरवाल एवं धर्मेन्द्र ठाकुर को दिव्यांग आइकान बनाकर उनका हार-फुल माला पहनाकर सम्मान किया गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जीतेन्द्र भण्डारी ने उपस्थित मतदाताओं को मतदान हेतु शपथ दिलाई। सेल्फी पॉइंट, मेहँदी व रंगोली का हुआ आयोजन। नगर परिषद के द्वारा सेल्फी पॉइंट बनाया गया जहाँ उपस्थित जनों में सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो सुट। कार्यक्रम में बीआरसी प्रमुख श्रीमती रेखा गिरी, शहरी आजीविका मिशन के अर्पित, जनपद की कनिका महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व शिक्षकगण, नगर परिषद कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री को आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए डॉ विक्रांत भूरिया





♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** झाबुआ कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयो द्वारा पत्रकार वार्ता की गई ! झाबुआ विधायक डॉक्टर विक्रांत भूरिया ने लगाए कहीं गंभीर आरोप ! भुरिया ने कहां कांग्रेस सरकार के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 जिसके माध्यम से कांग्रेस सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था की देश में जनसाधारण को खाद्यान्न उपलब्ध हो सके खाद्य सामग्री पर हर नागरिक का अधिकार और सरकार के रूप में यह आपका कर्तव्य है की आप हमरे आदीवासी भाईयो को कोई भीख नहीं दे रहे ओर कोई भी आदिवासी भिखारी नही है आपने हमारे आदिवासी भाईयो के आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाई है इसके लिए मुख्यमंत्री को आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए जब भी मुख्यमंत्री हमारे क्षेत्र में आते है आदीवासीयो के सम्मान को ठेस पहुंचाते है गम्भीर आरोप विधायक डॉक्टर विक्रांत भूरिया ने कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता में पत्रकारों से रूबरू होकर कहे इस मौके पर थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया, पेटलावद के पूर्व विधायक वालसिंह मेडा, जिला अध्यक्ष प्रकाश राका, राणापुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मथियस डामोर, प्रवक्ता साबिर फिटवेल आदी नेता उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में पुलिसकर्मी के साथ धक्का मुक्की करने वालों को जेल भेजा

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौकड़ी खुर्द गांव में एक बूथ पर मोबाइल को लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी के साथ धक्का मुक्की करने के मामले में गिरफ्तार लोगों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहाँ से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। बोरुंदा थाना अधिकारी देवकिशन ने बताया कि थाना क्षेत्र के चौकड़ी खुर्द गांव में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में सुभाष नाम के व्यक्ति बूथ पर ?वीडियो बना रहा है। उसे मना किया तो कांस्टेबल भोमाराम के साथ धक्का मुक्की करने लगे। सुभाष सहित वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि अपने साथ 10-15 लोगों के साथ कांस्टेबल को घेर लिया। बीएलओ व होमगार्ड ने छुड़वाया। पुलिस ने ढ़गलाराम पुत्र गिरधारीराम जाट चौकड़ी खुर्द, कालूराम पुत्र कूनाराम मेघवाल चौकड़ी खुर्द व सुभाष पुत्र अणदाराम माली चौकड़ी खुर्द को गिरफ्तार किया। जिन्हे शनिवार को अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट बालेसर के समक्ष पेश किया गया। जहां से ढगलाराम जाट, कालूराम मेघवाल व सुभाष माली को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# प्रसिद्ध नृत्य कत्थक की प्रस्तुति का शुभारंभ कृष्ण वंदना





♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर घाट संध्या कार्यक्रम शनिवार को कार्यक्रम दो चरण में संपन्न हुआ । प्रथम चरण में बनारस की युवा कलाकार प्राजंलि होशिंग ने उत्तर भारत का प्रसिद्ध नृत्य कत्थक की प्रस्तुति का शुभारंभ कृष्ण वंदना तत्पश्चात पारंपरिक कत्थक एवं समापन कृष्ण पर आधारित एक गत भाव से किया। द्वितीय चरण में कोलकाता से पधारी कलाकार संजना जाना ने अपने सुमधुर भजनों जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ गाइए गणपति जगवंदन तत्पश्चात मधु के मतवारे श्याम और समापन बाजे रे मुरलिया बाजे गाकर दर्शक गण के हृदय को मंत्र मुग्ध किया। संगत कलाकार के रूप में तबले पर अभिनव नारायण आचार्य, हारमोनियम पर डॉ मनोहर कृष्ण श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे। कलाकारों को प्रमाण पत्र डॉ प्रेम नारायण सिंह ने प्रदान किया प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही उनकी समर्पित संगीत साधना की सराहना की गई। घाट संध्या कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केशरी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के समक्ष मातृ शक्ति ने किया भाजपा में प्रवेश अब की बार 400 पार लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं- विधायक ललित चंद्राकर

♦भारत टाइम्स♦

**गुंदरदेही।** परस साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिसाली मंडल अंतर्गत आज श्रीमति शेष जांगड़े छाया पार्षद व बसंती साहू महिला कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष के नेतृत्व में नेवई ,स्टेशन मरोदा के नारी शक्ति दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के समक्ष भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर आज दुर्ग ग्रामीण लोकसाभा कार्यालय रिसाली में भाजपा प्रवेश किया इस कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने देव तुल्य नारी शक्ति को प्रणाम कर ,पार्टी का गमछा पहनाकर सभी लोगो को भाजपा में शामिल कराकर उनका भव्य स्वागत किया इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा की लगातार भारतीय जानता पार्टी मजबूत होती जा रही है लोगो के मन में केवल एक ही भाव है की देश के विकास के लिए काम करना है इस लिए लोगो ने मोदी की नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा जताया है मोदी की गारेंटी और विष्णु देव जी सुशासन देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ेगा, पार्टी प्रवेश करने वालो को पार्टी के रीति नीति से अवगत कराया और विजय बघेल जी भारी मतों से विजय बनाने की अपील किया गया इस अवसर पर भाजपा प्रवेश करने वाले प्रमुख रूप से रोमन पटेल आरती पटेल, संतोषी महार,सरोज, कुंजन जोशी, उत्तम जोशी, रतनी बाई, सुनिता साहू, कुमारी पटेल, लता साहू, द्रोपति,हीरा,राधिका देवी, बसंती देवी,अनिता देवी,अन्नू ,देवी, सरोज चंदेल, सावित्री साहू,, ओमिन , ममता निर्मलकर ननकी विभार, कविता बंजारे, शांति साहू, प्रतिमा साहू,रानी देवी, ललिता ठाकुर, संध्या चंद्रकार, प्रतिमा साहू, नेहा माधुरी यादव, रीना देवांगन रीना साहू ने भारतीय जनता पार्टी प्रवेश किया इस अवसर प्रमुख रूप से इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे जी,महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, भिलाई जिला महिला मोर्चा महामंत्री कंचन सिंग, राजू नेताम जी,सांसद प्रतिनिधि पप्पू दीपक चन्द्राकर,सोनू राम सिंग, मंडल मंत्री अजित चौधरी,पूनम सपहा,दुर्गा जी,छाया पार्षद दुर्गेश साहू जी व बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण व देव तुल्य जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# "वोटों" के बिखराव से बढ़ेगा मोदी के "जीत" की मार्जिन मार्जिन

यों तो लोकसभा की हर सीट का महत्व है, पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी खासा मायने रखती है। क्योंकि मोदी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए तीसरी बार चुनाव मैदान में है। उनका मुकाबला अस्तित्व बचाने खातिर फिर से साथ आएं दो लड़कों की जोड़ी के गठबंधन कांग्रेस व बसपा से है। यहां मोदी के खिलाफ कांग्रेस के अजय राय व बसपा के पूर्व पार्षद सैय्यद नेयाज अली (मंजू भाई) से है। हालांकि अजय राय 2014 व 2019 में तीसरे नंबर पर थे। जबकि 2014 में आप के अरविन्द केजरीवाल व 2019 में सपा-बसपा की शालिनी यादव दुसरे नंबर पर थी, जो अब भाजपा के साथ मोदी की जीत का मार्जिन बढ़ाने के लिए हाड़तोड़ मेहनत कर रही है। यह अलग बात है इस बार एआइएमआइएम चीफ असुदुद्दीन ओवैसी का पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुस्लिम गठबंधन का प्रत्याशी भी मैदान में है। मतलब साफ है वोटों के बिखराव के बीच विपक्षी लोकसभा में मोदी को टक्कर दे पायेंगी या नहीं ये तो 4 जून को पता चलेगा, लेकिन बाजी किसके हाथ लगेगी इसकी बहस तेज हो गयी है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि लखनऊ की ही तरह यहां भी चार-चार सत्ता संभाल चुकी सपा-बसपा का खाता नहीं खुला है। लहुराबीर के रामजीत यादव कहते है बात जीत का नहीं, जीत के अंतर का है। यहां मुद्दा इस बार भाजपा का हैट्रिक लगेगा या विरोधियों के जमानत जब्त होगा, का हो गया है। लेकिन बड़ा सवाल तो यही है हैट्रिक लगाने का दंभ भर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के साथ-साथ में अपनी ही जीत का रिकार्ड तोड़ पायेंगे या नहीं? खासतौर से तब जब मोदी के घूर विरोधी कांग्रेस, आप व सपा आदि इंडी गठबंधन के उम्मींदवार सामने होंगे। बता दें, 2019 में वाराणसी सीट पर मोदी 6,74,664 वोट पाकर सपा को पौने पांच लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराकर जीत का रिकार्ड बनाया था। जबकि 2014 में मोदी 5,81,022 वोट हासिल कर आप के अरविंद केजरीवाल को पौने चार लाख वोट से हराया। मतलब साफ है इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मोदी सात लाख से अधिक वोट पाने होंगे वाराणसी अस्सी से वरुणा के बीच में बसा वह शहर है जो शंकर का शहर माना जाता है. शिव के त्रिशूल पर बसी मां जान्हवी के अर्धचंद्राकार भौगोलिक आंचल में बसा यह शहर धर्म एवं

**इस बार एआइएमआइएम चीफ असुदुद्दीन ओवैसी का पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुस्लिम गठबंधन का प्रत्याशी भी मैदान में है। मतलब साफ है वोटों के बिखराव के बीच विपक्षी लोकसभा में मोदी को टक्कर दे पायेंगी ।**



आस्था के साथ-साथ भगवान वाराणसी, यूपी के प्रसिद्ध शहरों में से एक है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख बाबा श्री विश्वनाथ की नगरी है. मोक्ष की नगरी है. 5-5 भारत रत्नों की जननी है. इसे बनारस और काशी भी कहते हैं। इनके अलावा इसे मंदिरों का शहर, भारत की धार्मिक राजधानी, भगवान शिव की नगरी, दीपों का शहर, ज्ञान नगरी नाम से भी संबोधित किया जाता है। इसे हिन्दू धर्म में सबसे पवित्र नगरों में से एक माना जाता है। इसके अलावा बौद्ध और जैन धर्म में भी इसे पवित्र माना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना वाराणसी में ही जन्मा और विकसित हुआ है। भारत के कई दार्शनिक, कवि, लेखक, संगीतज्ञ वाराणसी में रहे हैं, जिनमें कबीर, वल्लभाचार्य, रविदास, स्वामी रामानंद, त्रैलंग स्वामी, शिवानन्द गोस्वामी, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह खां आदि प्रमुख है। वाराणसी का अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट, मणिकर्णिका घाट, सिंधिया घाट, गंगा घाट, ललिता घाट, नमो घाट के अलावा सारनाथ और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर भी यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। इन खूबियों के बीच अगर बनारस की रेशमी साड़ियों का जिक्र ना हो, ऐसा हो नहीं सकता। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समय-समय पर बनारसी साड़ियों के साथ बाबा विश्वनाथ की महिमा का बखारते रहते है। बात विकास की हो तो मोदी ने अपने दो टर्म के कार्यकाल यानी दस साल में इतना काम करा दिया है कि आने वाले पर्यटक निहारते ही रह जाते है, उनके मुख से बस यही निकलता है अरे क्या यह वही काशी है? ये तो आपने सुना ही होगा कि वाराणसी की राजनीति से न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरा देश प्रभावित होता है. दरअसल, कमलापति त्रिपाठी से लेकर राज नारायण और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सियासत के ऐसे दिग्गज हैं, जिन्होंने वाराणसी सीट पर चुनाव लड़ कर ही सफलता पाई और उनका राजनीतिक ग्राफ ऊपर गया. मतलब साफ है वाराणसी पहले से ही भारत की विरासत में एक विशेष स्थान के रूप में स्थापित होकर इतिहास रचने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने इस प्राचीन केंद्र को दुनिया के सामने पृथ्वी पर सबसे स्वच्छ और संरक्षित स्थान में से एक के रूप में प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक प्रमुख अभियान पहले से ही परिणाम दिखा रहा है प्रमुख घाटों पर वाईफाई कनेक्टिविटी एक वास्तविकता है और जापानी शहर की ऑटो के साथ एक विशेष साझेदारी समझौते से वाराणसी को भारत जापान संबंधों और इसके मानवीय आयाम की विविधता और गहराई को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे की मदद से और कपड़ा और प्रॉब्लम उद्योग को पुनर्जीवित करके क्षेत्र में रोजगार सृजन पर भी बड़ा जोर दिया है। पीएम मोदी के नाम से ही यह सीट हाई प्रोफाइल और वीवीआईपी सीट बन गई है। ऐसे में बीजेपी को उम्मीद है कि इस लोकसभा चुनाव से भी पीएम मोदी भारी मतों से इस सीट पर जीत दर्ज करेंगे। वैसे भी पूर्वांचल में वाराणसी लोकसभा सीट हमेशा से अहम मानी जाती रही है. इस सीट पर कई शानदार चुनावी मुकाबले हुए हैं. इस बार भी पीएम मोदी यहां से मैदान में है. देखा जाएं तो पिछले 10 साल में पीएम मोदी ने बतौर सांसद 43 बार अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया है। इस बार भी भाजपा पूर्वांचल से बिहार और पूर्वी भारत तक की सियासत को पीएम मोदी के जरिये भाजपा वाराणसी से ही साधने का प्रयास करेगी। आजादी के बाद यह पीएम मोदी के सामने उस रिकॉर्ड की बराबरी का भी मौका होगा, जब काशी से लगातार तीन बार सांसद हो सकते हैं। इससे पहले कांग्रेस के रघुनाथ सिंह और भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल के लगातार तीन बार वाराणसी सांसद का रिकॉर्ड है। वाराणसी सीट पर पीएम मोदी से पहले भाजपा के दिग्गज नेता मुरली मनोहर जोशी का कब्जा था। 2014 में भाजपा ने प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को वाराणसी सीट से उतारकर देश भर में हिन्दुत्व के मसले को साधा था। तब आप आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने वाराणसी सीट से चुनाव लड़ा था। मोदी ने 3 लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी। केजरीवाल 2 लाख वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। देश की हिन्दू आस्था के बड़े केंद्र काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण करवाकर दक्षिण से उत्तर और पूरब से पश्चिम तक के मतदाताओं में जगह बनाई। 2019 में दोबारा पीएम मोदी वाराणसी से चुनावी रण में उतरे तो नामांकन के बाद वे एक बार भी प्रचार करने नहीं आए। इसके बावजूद उन्होंने अपने ही रिकार्ड को तोड़कर बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने सपा की शालिनी यादव को करीब पांच लाख मतों से पराजित किया था। कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सांसद श्याम लाल यादव की बहू शालिनी यादव ने पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गई है। वाराणसी सीट पर पांच विधानसभा क्षेत्र रोहनिया, सेवापुरी, शहर दक्षिणी, शहर उत्तरी और कैंट हैं। इस बार चुनाव में कुल 19,62,948 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 31,538 ऐसे युवा मतदाता हैं जो पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोटर होंगे। इसके अलावा 25,984 ऐसे मतदाता हैं, जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सौ फीसद सुरक्षित, नाहक सवाल उठाना अनुचित

अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस पर संदेह की कोई गुंजाईश नहीं रह गई है। राजनीतिक दलों को मशीन पर शक करने के बजाय मतदाताओं पर अधिक भरोसा करने की जरूरत है। एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम पर नाहक सवाल उठाना उचित नहीं है। इससे शक ही पैदा होता है। अदालत ने ईवीएम संबंधी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। दरअसल, ईवीएम को लेकर आशंका जाहिर की जा रही थी कि उसे बाहर से नियंत्रित किया और मतों में गड़बड़ी की जा सकती है। अदालत के सामने इस पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी। इसके पक्ष में कई ऐसे प्रमाण भी दिए गए थे कि कहां-कहां कुल पड़े मतों और मशीनों में पड़े मतों की संख्या में अंतर पाया गया। विपक्षी दल इसे लेकर काफी आक्रामक थे और लगातार आशंका जाहिर कर रहे थे कि सत्तापक्ष मशीनों के जरिए मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसमें कई स्वयंसेवी संगठन और विशेषज्ञ भी शामिल थे, जिनका दावा था कि ईवीएम को बाहर से संचालित किया जा सकता है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग लगातार तर्क दे रहा था कि ईवीएम सौ फीसद सुरक्षित हैं और उनमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की



गुंजाइश नहीं है। इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि आम मतदाता के भीतर भी यह भ्रम पैदा हो गया कि ईवीएम में गड़बड़ी करके कोई पार्टी अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा सकती है। अब पाकिस्तान में धड़केगा हिन्दुस्तानी दिल, कराची की लड़की का चेन्नई में हुआ हार्ट ट्रांसप्लांट ईवीएम पर संदेह जाहिर करते हुए अदालत में गुहार लगाने वालों की मांग थी कि मतदान के बाद जो पर्ची कट कर बक्से में गिरती है उसे मतदाता के हाथ में दिया जाए और वह उसे खुद अलग बक्से में डाले। फिर मशीन के साथ ही उन पर्चियों का मिलान कर अंतिम रूप से मतों की गणना की जाए। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उस मांग को खारिज कर दिया। दरअसल, इस तरह मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन होने का खतरा था। मगर इसमें अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि वह मशीनों में चुनाव चिह्न निर्धारित हो जाने के बाद उन्हें सीलबंद कर दे। उसने एक और रास्ता खोल दिया है कि अगर कोई प्रत्याशी किन्हीं मशीनों के बारे में शिकायत दर्ज कराता है, तो विशेषज्ञों से उनकी जांच कराई जाए। उस जांच का सारा खर्च संबंधित प्रत्याशी को उठाना पड़ेगा। इसे बहुत से लोग बड़ी राहत की बात मान रहे हैं। इस तरह गड़बड़ियों की जांच हो सकेगी। पर अब यह तो तय है कि ईवीएम को लेकर जिस तरह के भ्रम बने हुए थे, वे याचिकाकताओं के मन से काफी हद तक दूर हो चुके होंगे। हालांकि यह पहला मौका नहीं था, जब ईवीएम पर संदेह जताते हुए अदालत में गुहार लगाई गई थी। इसके पहले भी कई मौकों पर इसे चुनौती दी गई थी। पिछले आम चुनाव के वक्त भी इस मसले को काफी तूल दिया गया था। हालांकि निर्वाचन आयोग ने बार-बार मशीन की निर्दोषिता सिद्ध करने की कोशिश की थी, पर उस पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा था। अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस पर संदेह की कोई गुंजाईश नहीं रह गई है। राजनीतिक दलों को मशीन पर शक करने के बजाय मतदाताओं पर अधिक भरोसा करने की जरूरत है। मशीन पर शक करने से नाहक मतदाताओं के भीतर भ्रम पैदा हुआ है। हालांकि निर्वाचन आयोग को भी इसे हार-जीत की तरह नहीं लेना चाहिए, उसे ईवीएम को विश्वसनीय बनाए रखने के जो भी उपाय हो सकते हैं, उन्हें अपनाने में उसे गुरेज नहीं होना चाहिए।

## संपादकीय

# दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दावा हकीकत से कोसों दूर

दिल्ली सरकार की बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने शासन काल में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने और उससे व्यापक पैमाने पर जनता का हित सुनिश्चित करने के दावे बढ़-चढ़ कर किए हैं। मगर इन दोनों क्षेत्रों में जो तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पेश की गई, उसकी जमीनी हकीकत वैसी ही नहीं रहीं। जहां तक स्वास्थ्य के क्षेत्र का सवाल है, अस्पतालों की दशा सुधारने से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की आसान पहुंच के लिहाज से मोहल्ला क्लीनिक भी खोले गए। मगर व्यवहार में इसका अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिल सका। इसके समांतर पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली के कुछ सरकारी अस्पतालों से जिस तरह दवाइयों और अन्य संसाधनों की कमी




के कई मामले सामने आए, उससे यही पता चलता है कि एक तरह की अव्यवस्था पसर रही है, जिसका खमियाजा वहां पहुंचने वाले मरीजों को उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि द्वारका इलाके में बुधवार को दिल्ली सरकार के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को रुई बाहर से खरीद कर लाने को कहा गया। यह स्थिति अपने आप में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का सच बताने के लिए काफी है। एक उपलब्धि और ह्यमाडलह्ण के रूप में बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी सबसे बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। कुछ समय पहले खुद उपराज्यपाल ने यहां के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख कर दिल्ली सरकार के कामकाज और दावों पर सवाल उठाए थे। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझने की भी कई खबरें आई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच आखिर यह व्यवस्था सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है कि लोग जब किसी बीमारी का इलाज कराने दिल्ली के किसी अस्पताल में पहुंचें तो वहां चिकित्सक, जरूरी दवाइयां और अन्य बुनियादी संसाधन उपलब्ध हों? सिर्फ प्रचार और दावा करने से किसी सेवा में सुधार नहीं होता, बल्कि उसके लिए वास्तव में पहल करनी पड़ती है।

आस्था...

## वृंदावन से जरूर लेकर आएं ये 2 चीज, हर दुख-दर्द होगा दूर, हर काम में मिलेगी सफलता...

मथुरा के वृंदावन में स्थित बांके बिहारी मंदिर प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक माना जाता है। यहां पर स्थिति ठाकुर जी के 7 मंदिरों में से है। हर रोज बांके बिहारी के दर्शन के लिए हजारों लोग पहुंचते है। बांके बिहारी के कई रहस्य है, जो हर किसी को अचंभित कर देते है। वृंदावन और मथुरा श्री कृष्ण की लीलाओं से परिपूर्ण है। जहां जाने मात्र से आपका मन कृष्णमय हो जाता है। बांके बिहारी के दर्शन करने के बाद यहां पर स्थिति यमुना तट, श्री राधावल्लभ जी, श्री गोविंद देव जी आदि के दर्शन करते हैं। ऐसे में कई लोगों ब्रज रज के दर्शन करने के साथ अपने पूरे शरीर में लगाते हैं। बता दें कि ब्रज रज ब्रज की मिट्टी को कहा जाता है। ब्रज रज का काफी अधिक महत्व है। मान्यता है कि इसे अपने शरीर में लगाने मात्र से हर रोग-दोष दूर हो जाता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। कई लोगों का मानना है कि ब्रज रज घर लाना शुभ माना जाता है, तो कई पंडितों का मानना है कि ब्रज रज लाना शुभ माना जाता है। अगर आप भी वृंदावन गए हैं, तो इन दो चीजों को लाने शुभ माना जाता है वृंदावन से घर लाएं ये 2 चीजें ब्रज की रज कई पंडितों का मानना है कि जब भी वृंदावन आए, तो थोड़ी सी बज्र रज को लेकर जाना चाहिए। इसे अपने घर पर उस स्थान पर रख दें। जहां पर ठाकुर जी का स्थान हो। रोजाना स्नान आदि करने के बाद यह रज अपने माथे और थोड़ी सी मुंह में डाल लें। मान्यता है कि ऐसा करने से हर रोग-दोष दूर हो जाता है। इसके साथ ही अकाल मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। इसके साथ ही श्री कृष्ण और रादा रानी की कृपा से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। कई पंडितों का मानना है कि वृंदावन से ब्रज की रज लाना काफी शुभ माना जाता है। इसी मिट्टी में भगवान श्री कृष्ण से बाल्यकाल में कई लीलाएं की है। इतना ही इसे प्रसाद के रूप में भी मानते हैं, क्योंकि यह एक ऐसा प्रसाद है जिसे ब्रजवासियों को भगवान ने दिया है। यह प्रसाद जन्म जन्मांतर तक दूषित नहीं होगा और न ही इसका कभी अंत होगा। इस जगह पर स्वयं श्री कृष्ण और राधा रानी से वास किया है। ऐसे में यहां ही मिट्टी किसी अमृत से कम नहीं है। ब्रज की रज को लेकर आने को लेकर दो मत है। कुछ पंडितों का मानना है कि इसे घर ले जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इसे सभी देवी-देवता होने के साथ वर्षों तक तपस्या करते हुए ऋषि इस रज में मिलने की कामना रखते हैं। ऐसे में जब आप इस रज को अपने घर ले जाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेष:** आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। बच्चे और परिवार दिन का केंद्र-बिंदु रहेंगे। समय, कामकाज, पैसा, यार-दोस्त, नाते-रिश्ते सब एक ओर और आपका प्यार एक तरफ, दोनों आपस में खोए हुए - कुछ ऐसा मिजाज रहेगा आपका आज। कार्यक्षेत्र में आपके प्रतिद्वन्द्वियों को अपने गलत कामों का फल मिलेगा। दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभ:** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं। जिन लोगों ने अतीत में अपना धन निवेश किया था आज उस धन से लाभ होने की संभावना बन रही है। दिन के दूसरे हिस्से में कुछ दिलचस्प और रोमांचक काम करने के लिए बढ़िया वक़्त है। प्यार बहार की तरह है; फूलों, रोशनी और तितलियों से भरा हुआ। आज आपका रोमानी पहलू उभरकर आएगा। कार्यक्षेत्र में किसी विशेष व्यक्ति से आपकी मिलाकात हो सकती है। यात्रा करना फायदेमंद लेकिन महंगा साबित होगा।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुन:** नफरत की भावना महंगी पड़ सकती है। यह न केवल आपकी सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि आपके विवेक को भी जंग लगा देती है और रिश्तों में हमेशा के लिए दरार डाल देती है। जो लोग अपने करीबियों या रिश्तेदारों के साथ मिलकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें आज बहुत सोच समझकर कदम रखने की जरुरत है नहीं तो आर्थिक नुक्सान हो सकता है। आपसी संवाद और सहयोग आपके और आपके जीवनसाथी के बीच रिश्ते को मजबूत बनाएगा।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्क:** प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज अगर आप दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे, तो आर्थिक नुकसान तकरीबन पक्का है। लोगों के साथ ठीक तरह से पेश आएँ, खास तौर पर उनके साथ जो आपसे प्यार करते हैं और आपका खयाल रखते हैं। दूसरों को खुशियाँ देकर और पुरानी गलतियों को भुलाकर आप जीवन को सार्थक बनाएंगे। आपको पता लग सकता है कि आपके बॉस आपसे इतने रूखेपन से क्यों बात करते हैं। वजह जानकर आपको वाकई तसल्ली होगी।

**सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंह:** झगड़ालू स्वभाव को काबू में रखें, नहीं तो रिश्तों में कभी न मिटने वाली खटास पैदा हो सकती है। इससे बचने के लिए अपने नजरिए में खुलापन अपनाएँ और पूर्वाग्रहों को छोड़ें। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। आपसी संवाद और सहयोग आपके और आपके जीवनसाथी के बीच रिश्ते को मजबूत बनाएगा। आज अपने खूबसूरत कामों को दिखाने के लिए आपका प्रेम पूरी तरह खिलेगा। नयी योजनाओं को शुरू करने के लिए बढ़िया दिन है।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्या:** दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। अगर आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा को सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वह काफी फायदेमंद साबित होगी। घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ काम करते वक़्त युक्ति और चतुरता की जरूरत होगी। वक्त से हर काम को पूरा करना ठीक होता है अगर आप ऐसा करते हैं तो आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाते हैं।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुला:** आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज्यादा करने का वादा कर देते हैं। ऐसे लोगों को भूल जाएँ जो सिर्फ गाल बजाना जानते हैं और कोई परिणाम नहीं देते। प्यार-मोहब्बत की नजरिए से बेहतरीन दिन है। प्यार का मजा चखते रहें। आज के दिन कार्यालय का माहौल बढ़िया बना रहेगा।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिक:** आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीजों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. माता-पिता के साथ अपनी खुशियाँ साझा करें। उन्हें महसूस करने दें कि आपके लिए उनकी कितनी अहमियत है, इससे उनका अकेलेपन का एहसास अपने आप खत्म हो जाएगा। हमारी जिंदगी का क्या फायदा, अगर हम एक-दूसरे का जीवन आसान न बना सकें।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनु:** अपनी क्षमताओं को पहचानें, क्योंकि आपके अन्दर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा-शक्ति की कमी है। ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं- लेकिन आज अपने खर्चों को बहुत ज्यादा बढ़ाने से बचें। पारिवारिक परेशानियों को हल करने में आपका बच्चों जैसा मासूम बर्ताव अहम किरदार अदा करेगा। आपका प्रिय आज रोमांटिक मूड में होगा। किसी लघु या मध्यावधि पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर अपनी तकनीकी क्षमताओं में निखार लाएँ। अपने काम से आराम लेकर आज आप कुछ समय अपने जीवनसाथी के साथ बिता सकते हैं।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**


**मकर:** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं। आपका पैसा तभी आपके काम आएगा जब आप उसको संचित करेंगे यह बात भली भांति जान लें नहीं तो आपको आने वाले समय में पछताना पड़ेगा। मुसीबत के वक़्त परिवार से आपको मदद और सलाह हासिल होगी। आप दूसरों के तजुर्बों से कुछ सबक सीख सकते हैं। यह आपके आत्मविश्वास की मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। प्यार-मोहब्बत के मामले में दबाव बनाने की कोशिश न करें।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभ:** कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएँ। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें। उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं। थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे। साझीदार से संवाद कायम करना बहुत कठिन सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व सभी के दिलों को अपनी तरफ खींचेगा।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीन:** हृदय-रोगियों के लिए कॉफी छोड़ने का सही समय है। अब इसका जरा भी इस्तेमाल दिल पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। आज के दिन धन हानि होने की संभावना है इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में जितना आप सतर्क रहेंगे उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी परेशानी आपके लिए खासी बड़ी हो सकती है, लेकिन आस-पास के लोग आपके दर्द को नहीं समझेंगे। शायद उन्हें लगता हो कि इससे उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। दोस्ती में प्रगाढ़ता के चलते रोमांस का फूल खिल सकता है।



# फ्रीलांसिंग करने की सोच रहे हैं तो इन बातों पर करें गौर

काम-काज की स्वतंत्रता और अच्छी कमाई के चलते आजकल बहुत से लोग अलग-अलग फील्ड्स में फ्रीलांसिंग को रोजगार के विकल्प में अपनाने लगे हैं। फ्रीलांसिंग शुरु करना बहुत आसान फैसला नहीं है। इसमें कई सारी बातों आपको ध्यान में रखनी होती है जो कि आपके स्वतंत्र करियर को बना या बिगाड़ सकती है। यहां सबसे बड़ी चुनौती मार्केट में खुद को स्थापित करना होता है। स्थापित होने में, क्लाइंट्स को आकर्षित करने में समय भी लगता ही है। अगर आप जॉब छोड़कर फ्रीलांसिंग करने की सोच रहे हैं, तो आपको कुछ बातों पर गौर करना जरूरी है। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है खुद को एनालाइज करना। अगर आपके मन में भी फ्रीलांसिंग की इच्छा है तो पहले इन पांच सवालों के बारे में सोच लें।

- स्वतंत्र करियर बनाने की मात्र इच्छा है या आपके अंदर इसे लेकर पैशन है
- आपको क्यों लगता है कि कंपनी के पेरोल से बेहतर आप कर सकते हैं ?
- आपके पास क्या सर्विसेस हैं और किसके लिए हैं?
- आपको कैसे इस बात में यकीन है कि आप यह कर पाएंगे ?
- कोई भी नई शुरुआत धीरे-धीरे जोर पकड़ती है, क्या आपके पास तब तक सर्वाइव करने के लिए बैकअप अरेंजमेंट है?

इन पांचों सवालों के ईमानदारी से जवाब देकर आप कोई बड़ा कदम उठाने से पहले आश्वस्त हो सकते हैं। अनिश्चित आय-नौकरी से स्वतंत्र काम शुरु करने पर शुरुआत में कुछ मुश्किल हो सकती हैं। नौकरी की तरह आपकी आय निश्चित नहीं होगी। इसलिए यह जरूरी है कि पहले आप अच्छे से मनन-चिंतन कर आगे कदम बढ़ाएं ताकि आपको पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़े।



बाजार में कई नए उत्पाद आते ही लोगों के दिलो-दिमाग पर छा जाते हैं। कई ब्रांड्स के तो स्लोगन भी आपको याद होंगे। दरअसल, इस सबके पीछे प्रोडक्ट मैनेजमेंट की बड़ी भूमिका है।

# प्रोडक्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में बनाएं करियर

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई इसी फील्ड से निकलकर आज एक बड़ा नाम बन चुके हैं। बतौर प्रोडक्ट मैनेजर ऐसे लोग उपभोक्ता का मूड बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उनमें प्रोडक्ट की ब्रांडिंग स्किल कमाल की होती है। यूं कहें कि इनकी देखरेख में ही नए-नए प्रोडक्ट बनते और लॉन्च होते हैं। यही वजह है कि कंपनियों के ब्रांड डेवलपमेंट विंग में इन दिनों यह जॉब इन डिमांड है।

## करियर स्कोप

ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन काउंसिल (जीएमएसी) के वार्षिक सर्वे के मुताबिक विश्व भर के करीब 96 प्रतिशत नियोक्ताओं का भरोसा सिर्फ एमबीए ग्रेजुएट्स पर है। इनका मानना है कि ऐसे प्रोफेशनल्स की वजह से ही उनकी कंपनियों को सही वैल्यू मिलती है। करियर विशेषज्ञों का मानना है कि स्टार्ट-अप सेक्टर में आए बूम और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों की वजह से आने वाले दिनों में एंटरप्रेन्योर्स की तादाद और ज्यादा बढ़ेगी। इससे कंज्यूमर कंपनीज के मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्शन सेक्शन में प्रोडक्ट मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स की अच्छी डिमांड पैदा होगी और यह हो भी रही है।

## क्या है काम?

प्रोडक्ट मैनेजमेंट मुख्य रूप से प्रोडक्शन और ब्रांडिंग से जुड़ी फील्ड है। यह मैनेजमेंट की ही एक शाखा है। इसके अंतर्गत किसी भी नए प्रोडक्ट के आइडिएशन और प्लानिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, प्राइसिंग, पैकेजिंग, सेल्स एक्टिविटी और ब्रांडिंग जैसी तमाम प्रक्रियाएं शामिल हैं। कंपनी में प्रोडक्ट मैनेजर आम तौर पर दो तरह की जिम्मेदारियां निभाते हैं। पहला, कंपनी के प्रोडक्ट या सर्विस को बाजार में बनाए रखना और दूसरा, नए प्रोडक्ट या सर्विसेज विकसित करना। ऐसे प्रोफेशनल्स को कंज्यूमर रिसर्च और मार्केट रिसर्च की भी अच्छी समझ होती है। ब्रांडिंग वर्क इस पेशे का सिर्फ एक हिस्सा भर है। कंपनियों में प्रोडक्ट मैनेजर की हैसियत मिनी सीईओ जैसी होती है।

## पर्सनल स्किल

कंपनियों में यह एक जिम्मेदारी भरा पद है। आइडिएशन और प्लानिंग इनके करियर का अहम हिस्सा होते हैं। इसलिए उम्मीदवारों को क्रिएटिव और इनोवेटिव सोच का होना जरूरी है। वे मैथ्स और फाइनेंस की अच्छी स्किल रखते हों। इंफॉर्मेशन फिल्टरिंग के लिए एनालिटिकल एबिलिटी होनी चाहिए। टीमवर्क, लीडरशिप, कम्युनिकेशन स्किल और मार्केट ट्रेंड की समझ भी जरूरी है।

## आकर्षक ग्रोथ

प्रोडक्ट मैनेजमेंट भले ही नए दौर की जॉब है लेकिन यहां ग्रोथ बहुत है। पे-स्केल सर्वे के अनुसार, करीब 58 प्रतिशत प्रोडक्ट मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स को 10 साल के करियर में तीन से चार प्रमोशन आसानी से मिल जाते हैं। इस फील्ड की नियोक्ता कंपनियां एमबीए या बीटेक के बाद हायरिंग में कंसल्टिंग, फाइनेंस या अकाउंटिंग के ग्रेजुएट्स को ज्यादा तरजीह देती हैं। मार्केटिंग ग्रेजुएट और बीबीए उम्मीदवार भी मार्केटिंग असिस्टेंट या एसोसिएट ब्रांड मैनेजर के तौर पर यहां जॉब पा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- आईआईटी, दिल्ली
- इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन, मुंबई/ चेन्नाई/ हैदराबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, मुंबई
- अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई

## जॉब के अवसर

अगर इस फील्ड में जॉब की बात करें, तो आईटी व आईटीईएस कंपनी, ऑटोमोबाइल कंपनी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, मोबाइल, फार्मास्युटिकल, हेल्थकेयर, फूड एंड पर्सनल केयर जैसी कंपनियों में जॉब की तलाश की जा सकती है। एचआर एक्सपर्ट्स की मानें, तो 2016 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में करीब 6 लाख हायरिंग होने की उम्मीद है।

## कौन-से कोर्स?

देश में कई सरकारी और निजी संस्थान प्रोडक्ट मैनजमेंट से संबंधित कोर्स ऑफर कर रहे हैं। ये कोर्स एमबीए के अलावा, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के रूप में भी उपलब्ध हैं, जैसे पीजी डिप्लोमा इन प्रोडक्शन मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन प्रोडक्शन एंड ऑपरेशंस मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन प्रोडक्शन एंड मटेरियल मैनेजमेंट आदि। कई आईटी संस्थानों में प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के रूप में भी ये कोर्स संचालित हो रहे हैं। अगर आप प्रोडक्ट मैनेजमेंट या ब्रांड मैनेजमेंट में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन के बाद कर सकते हैं। पीजी डिप्लोमा के लिए ग्रेजुएशन जरूरी है।

## सैलरी पैकेज

प्रोडक्ट मैनेजमेंट एक हाई पेइंग फील्ड है। एंट्री लेवल पर असिस्टेंट मैनेजर जैसे पदों के लिए 30 हजार से 40 हजार रुपए की सैलरी प्रति माह आसानी से मिल जाती है। कुछ वर्षों के अनुभव के बाद बतौर प्रोडक्ट मैनेजर इनकी सैलरी 1 लाख रुपए से भी ज्यादा हो जाती है। डिप्लोमाधारी प्रोफेशनल्स को भी इस फील्ड में शुरूआती दौर में 15 से 20 हजार रुपए प्रति माह मिल जाते हैं।





# बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में उभर रहा है ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट

**नए करियर की तलाश कर रहे युवाओं के लिए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट एक बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में उभर रहा है। खासकर वर्तमान प्रतिस्पर्धी माहौल में अच्छे एम्प्लॉई को हायर करना मुश्किल काम हो गया है, लेकिन एचआर की जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे लोगों को हायर करें, जो कंपनी या ऑर्गनाइजेशन के मिशन को पूरा करने में सहायक हों। साथ ही, ट्रेनिंग, सैलरी आदि को हैंडल करना भी इन्हीं के जिम्मे होता है। यही कारण है कि इन दिनों एचआर की जरूरत करीब-करीब हर इंडस्ट्री में है।**

आमतौर पर देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स ऑफर करते हैं। जैसे-एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ ह्यूमन रिसोर्स ऐंड ऑर्गनाइजेशनल डेवलपमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट। इन कोर्सों में एडमिशन पाने के लिए जरूरी है कि स्टूडेंट्स किसी मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी संकाय में स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हों। इस कोर्स के लिए चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। अधिकतर सरकारी संस्थानों में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया जाता है। प्रवेश परीक्षा में अंग्रेजी, तर्क शक्ति अर्थात रीजनिंग, जनरल साइंस, जनरल नॉलेज आदि से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद जीडी और इंटरव्यू में हिस्सा लेना पड़ता है। इस प्रक्रिया के बाद ही एडमिशन हो पाता है।

## स्किल्स

ह्यूमन रिसोर्स के फील्ड में सफल होने के लिए फ्रैंडली पर्सनैल्टी का होना जरूरी है। सबसे खास बात यह कि एम्प्लॉई को हैंडल करने, यूनियन आदि से भी निपटने की काबिलियत के साथ-साथ प्रेशर में काम करने का गुण बेहद जरूरी है। एचआर की कम्युनिकेशन स्किल भी उम्दा होनी चाहिए, क्योंकि इनका काम टीम को एक साथ लेकर चलने के अलावा, एम्प्लॉई को मोटीवेट करना भी होता है। एचआर को कंपनी के कायदे-कानून के साथ-साथ नए ट्रेंड की भी जानकारी होनी चाहिए।

## रोजगार के अवसर

एचआर के फील्ड में शानदार स्कोप है। चाहे कोई भी इंडस्ट्री हो या फिर बिजनेस, हर जगह इनकी मांग देखी जा रही है। दरअसल, इनका काम वर्क फोर्स को मैनेज करने से जुड़ा होता है। यही वजह है कि प्राइवेट क्षेत्र की कंपनियों के साथ-साथ गवर्नमेंट डिपार्टमेंट में भी इनकी मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इन दिनों बड़ी और मल्टीनेशनल कंपनी के साथ-साथ छोटी-छोटी कंपनियों में ह्यूमन रिसोर्स से जुड़े पेशेवर लोगों की नियुक्ति की जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॉर्पोरेट हाउस, मल्टीनेशनल कंपनी, एयरलाइंस, फैक्टरी, गवर्नमेंट डिपार्टमेंट आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है। ह्यूमन रिसोर्स आउटसोर्सिंग का क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत इस क्षेत्र में हॉट स्पॉट बनकर उभर रहा है। एचआर का कंपनी में एक महत्त्वपूर्ण स्थान होता है अतः इनकी सैलरी भी काफी अच्छी होती है। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट का कोर्स पूरा करने के बाद शुरुआत में लोगों को चार से सात लाख रुपये का सालाना सैलरी पैकेज मिलने लगता है।



**कला में स्नातक होने के बाद छात्र को सरकारी क्षेत्र में कॅरियर के अपार अवसर मिल सकते हैं। यह बीए के बाद सबसे अच्छे कॅरियर विकल्पों में से एक है जो सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो आपको कठोर स्थिति में भी स्थिति या पद के साथ स्थायी नौकरी की सुरक्षा प्रदान करता है। यदि कोई छात्र अपना करियर बनाने या जनता के लिए काम करने का इच्छुक है तो छात्रों के लिए सरकारी क्षेत्र में अवसरों की तलाश करने के लिए यह सबसे अच्छा और सबसे रचनात्मक करियर विकल्प है।**

# कला में स्नातक होने के बाद कॅरियर के अपार अवसर

कला में स्नातक होने के बाद छात्र को सरकारी क्षेत्र में कॅरियर के अपार अवसर मिल सकते हैं। यह बीए के बाद सबसे अच्छे कॅरियर विकल्पों में से एक है जो सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो आपको कठोर स्थिति में भी स्थिति या पद के साथ स्थायी नौकरी की सुरक्षा प्रदान करता है। कला स्नातक (बीए) में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद हम में से बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि अपनी मूल डिग्री के संकलन के बाद उन्हें किस कैरियर का अनुसरण करना चाहिए। क्या वे उच्च ऑनलाइन शिक्षा के लिए जाएंगे या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे या उन्हें कॉर्पोरेट जगत में कदम रखना चाहिए? तो आईये जानते हैं कि बीए करने बाद आपके लिए करियर विकल्प क्या हो सकते हैं।

## बीए के बाद करियर

कैरियर के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला ने बीए क्षेत्र में रखा है जो पहले प्रौद्योगिकी में एक सर्वश्रेष्ठ और चयनात्मक करियर रहा है और जो आपके संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने के साथ-साथ डिजाइनिंग, पत्रकारिता, मीडिया, सामग्री निर्माण या इससे भी अधिक रचनात्मक कार्य प्रोफ़ाइल जहां कला स्नातक में स्नातक छात्र ने एक स्थान हासिल किया है। कला स्नातक तीन साल की बुनियादी डिग्री होती है जो कला से संबंधित विषयों जैसे उदार कला, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, आदि के सामान्य अध्ययन के साथ होती है। बीए की डिग्री में साहित्य, मनोविज्ञान, दर्शन, संचार, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, संस्कृत, और अन्य कला जैसे विषय शामिल होते हैं। छात्र अपनी रुचि और करियर के लक्ष्यों के अनुसार डिग्री विषय का विकल्प चुन सकते हैं। बीए में अवसर प्रतिस्पर्धी दुनिया में अवसरों की एक श्रृंखला है जिसे आप कला में स्नातक पूरा करने के बाद खोज सकते हैं।

## मीडिया, पत्रकारिता और जनसंचार

पत्रकारिता और जनसंचार लोकप्रिय क्षेत्रों में से एक है जिसने डिजिटल दुनिया के वर्तमान समय में काफी लोकप्रियता हासिल की है। पत्रकारिता एक विशाल क्षेत्र है जिसमें बड़े समाचार चैनलों के साथ सामग्री लिखने, पत्रिकाओं के लिए फीचर या यहां तक कि कैमरे के सामने और कैमरे के पीछे एंकर के साथ काम करना शामिल है। मीडिया उन बहुतायत क्षेत्रों में से एक है जिसमें एक छात्र काम कर सकता है। पत्रकारिता कार्यक्रमों में बीए पूरा करने के बाद छात्र संचार में परास्नातक कर सकते हैं या एक निश्चित मीडिया विशेषज्ञता जैसे लेखन, टीवी पत्रकारिता, पटकथा लेखन, फिल्म निर्माण, कॉर्पोरेट संचार, आदि में पीजी डिप्लोमा के लिए जा सकते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग

यह सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अधिक मांग वाला कोर्स है जिसे आज के युवाओं द्वारा डिजिटल दुनिया में अपना करियर बनाने के लिए चुना जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उन छात्रों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है जो ई-कॉमर्स पोर्टल पर अपना स्टार्टअप, व्यवसाय या उद्यम, वेबसाइट, उत्पाद खोलना चाहते हैं। ऑनलाइन व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं, लगभग अरबों से अधिक लोग माल और सेवाओं के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए यह उनके डिजिटल-आधारित व्यवसाय को खोलने के लिए एक विशाल और आकर्षक क्षेत्र है। डिजिटल मार्केटिंग में नौकरी के अवसर-

- डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजर
- सोशल मीडिया मार्केटर
- सामग्री विपणक
- ईमेल मार्केटर
- डेटा विश्लेषक

## डेटा साइंटिस्ट

एक गलत धारणा है कि साइंस स्ट्रीम का छात्र केवल डेटा साइंटिस्ट बनने के योग्य होता है। कला में स्नातक रखने वाला छात्र अपने संबंधित क्षेत्रों या क्षेत्र में डेटा विज्ञान की दुनिया में कदम रख सकता है। डेटा साइंस संरचित या असंरचित डेटा से अंतर्दृष्टि निकालने के लिए वैज्ञानिक तरीकों के माध्यम से सिस्टम, एल्गोरिदम का उपयोग करके डेटा को छोटा या एकत्र करने का क्षेत्र है। यदि किसी छात्र की कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर विकास, तकनीकी क्षेत्र में गहरी रुचि है तो वह इस विकल्प का चुनाव कर सकता है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया जन जागरूकता रथ एंव कार्यशाला का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर वाहक जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण एंव मच्छर जन्य परिस्थितियों के समाप्तिकरण के उद्देश्य से मलेरिया जन-जागरूकता रथ एंव कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.एस.बघेल, सिविल सर्जन डॉ. एम. एल. मालवीया, जिला चिकित्सालय झाबुआ द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन-जागरूकता रथ का शुभारम्भ किया गया। जन-जागरूकता रथ जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से निकलकर प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिये रवाना किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त विकास खंड एंव ग्रामीण क्षेत्र में भी मलेरिया दिवस मनाया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से वर्ष 2030 तक मलेरिया मुक्त करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जन समुदाय में मलेरिया बीमारी के कारण, लक्षण एंव उनसे बचाव के संबंध में आम लोगों में जन-जागृति लाने हेतु नारों/बैनर के माध्यम से इस रोग के प्रसार पर नियंत्रण एंव इसके बचाव संबंधी जानकारी दी गई। जी.एन.एम.प्रशिक्षण केन्द्र बाढ़कुआ (झाबुआ) में आयोजित कार्यशाला में शहरी क्षेत्र की एएनएम/आशा कार्यकताओं को मलेरिया रोग से उत्पन्न होने वाले लक्षण,बचाव एंव उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी दिनेश्वर सिंह सिसोदिया द्वारा प्रदाय की गई। आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षण केन्द्र की प्राचार्य श्रीमती पुनम डावर एंव सहयोगी स्टॉफ, एंव जिला कम्यूनिटी मोबीलाईजर मुकेश यादव, जिला व्ही.बी.डी.सलाहकार जितेन्द्र सिंह बघेल, सहायक मलेरिया अधिकारी श्रीमती किरण मंडलौई, धनसिंह चौहान मलेरिया निरीक्षक द्वारा उपस्थित होकर मलेरिया संबंधीजानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित शहरी एएनएम एंव आशा कार्यकताओं से उनके क्षैत्र में भ्रमण के दौरान होने वाले अनुभव एंव सुझाव को साझा किया एंव आवश्यक समझाईश दी गई। जन समुदाय से अपील की गई है कि अपने घरों में मच्छर जाली लगावें, आम-जन को पूरी बांह के कपड़े तथा कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी रात को एंव दिन में सोते समय उपयोग करें। घरों में पानी के कंटेनरों की साप्ताहिक रूप से नियमित साफ-सफाई करें। अपने घरों के आस-पास पानी को जमा न होने देवें। घरों के छतों पर बेकार टायर,फूलदान, गमलों पर अनावश्यक पानी को जमा न होने देवें, एंव जमा हुए पानी को निकाल दें। पक्षियों एंव जानवरों के लिये रखे गये पानी के बर्तनों या सकोरों की नियमित रूप से सफाई करें। घर के किसी भी सदस्य को बुखार आने पर खून की जाचं स्वास्थ्य कार्यकर्ता या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर करवायें।






## नगर के सभी 485 बूथों पर चलेगा महाजनसंपर्क अभियान

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की बैठक



- प्रधानमंत्री जी की गरीब कल्याण और लाभार्थी योजनाओं को लेकर जन–जन तक पंहुचेंगे कार्यकर्ता – तेजबहादुर सिंह चौहान

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन जगदीश परमार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे लोकसभा संसदीय क्षेत्र में दिनाँक 28 अप्रेल रविवार को प्रत्येक बूथ पर महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा । जिसमें कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण अपने अपने बूथों पर रहकर घर घर संपर्क कर भाजपा की गरीब कल्याण और लाभार्थी योजनाओं की जानकारी मतदाताओं को देंगे । मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित की गई बैठक को लोकसभा संयोजक तेजबहादुर सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें हर बूथ पर 370 नए वोट पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करना है। हर बूथ पर 370 नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री जी की गरीब कल्याण और लाभार्थी योजनाओं को लेकर जन-जन तक जाएं और उन्हें योजनाओं की जानकारी दें। इस हेतु रविवार को नगर के प्रत्येक बूथ पर महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा । जिसमें कार्यकर्ता पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण अपने अपने बूथों पर मतदाताओं से संपर्क कर मतदाता सूची का परीक्षण भी करेंगे । नगर अध्यक्ष विवेक जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास समय बहुत कम है अतः सभी कार्यकर्ता कमर कस कर अपने-अपने बूथ पर मजबूती के साथ डट जाये व प्रत्येक बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य रखे। बैठक के पश्चात भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व एल्डरमेन रजा अली सिद्दीकी को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । बैठक में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, नगर अध्यक्ष विवेक जोशी , पूर्व विधायक पारस जैन, रवि सोलंकी, जगदीश अग्रवाल, सोनू गेहलोद, जगदीश पांचाल, इकबालसिंह गांधी, श्याम बंसल, मीना जोनवाल, संजय अग्रवाल, विशाल राजोरिया, सत्यनारायण खोईवाल सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# रतलाम पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर आरोपियों पर लगाया जुमार्ना

- पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में थाना सैलाना पुलिस द्वारा आरोपियों हर्षवर्धन सिंह गुर्जर एवं संदीप जाट को गिरफ्तार कर कर वैधानिक कार्यवाही की गई थी।

♦भारत टाइम्स♦

**रतलाम / इंदौर जगदीश परमार।** थाना सैलना जिला रतलाम पुलिस द्वारा दिनांक 16.01.2024 को आरोपी हर्षवर्धन सिंह गुर्जर व अन्य साथी संदीप जाट द्वारा फरियादी गेंदालाल के साथ लात घुसे से मारपीट करते हुए फरियादी को चाकू मारकर घायल कर फरियादी से 10,000 रुपए लूट कर भाग गए थे। घटना पर थाना सैलाना पर धारा 323, 324, 294, 392, 394/34 आई.पी.सी. 1980 और 3(2)(वी-ए) और 3(1)(आर)(एस) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में थाना सैलाना पुलिस द्वारा आरोपियों हर्षवर्धन सिंह गुर्जर एवं संदीप जाट को गिरफ्तार कर कर वैधानिक कार्यवाही की गई थी। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के विरुद्ध आरोपी हर्षवर्धन सिंह गुर्जर द्वारा माननीय हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमे पुलिस द्वारा अवैधानिक कस्टडी में रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस के विरुद्ध जुमार्ने की मांग की गई थी। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा मामले की जांच कर यह पाया गया की आरोपी हर्षवर्धन सिंह गुर्जर एवं सह आरोपी संदीप जाट द्वारा फरियादी के साथ मारपीट करते हुए फरियादी को चाकू से घायल कर फरियादी के 10000 रुपए भी लूट लिए थे। जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया था। याचिकाकर्ता हर्षवर्धन सिंह गुर्जर के विरुद्ध 06 अपराधिक मामले दर्ज होकर आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का बदमाश है। आरोपी हर्षवर्धन के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत भी कार्यवाही की गई थी। माननीय न्यायालय द्वारा याचिका की जांच में यह पाया की याचिकाकर्ता हर्षवर्धन द्वारा पुलिस पर दबाव बनाने तथा अपना प्रभाव जमाने के उद्देश्य से पुलिस के विरुद्ध अवैधानिक हिरासत में रखने का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता का यह पहला अपराधिक मामला नहीं है बल्कि इसके अलावा भी याचिकाकर्ता पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने आदि के 06 अन्य अपराधिक प्रकरण दर्ज है। अतः यदि न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ता को किसी भी प्रकार की राहत प्रदान की जाती है तो यह सीधे तौर पर न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यह कहा गया की यह याचिका पूर्णतः गलत सोच एवम गलत उद्देश्य से दायर की गई है। यह याचिका खारिज करने योग्य है। इस तरह से गलत उद्देश्य से याचिका दायर करने वाले लोगो को यह एहसास होना चाहिए की न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करने का कोई गंभीर कारण होना चाहिए, केवल दबाव बनाने या अपना प्रभाव जमाने के उद्देश्य से याचिका दायर करना बिलकुल भी उचित नहीं है। अतः इसे 2500 रुपए के जुमार्ने के साथ खारिज किया जाता है। माननीय न्यायालय द्वारा जुमार्ने की राशि को 4 सप्ताह के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए। समय सीमा में जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने पर भूमि कर के रूप में वसूल करने के निर्देश प्रदान किए गए।






# कानपुर : अपराधों पर नियंत्रण के साथ जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने में भी अव्वल इंस्पेक्टर प्रशांत

## पहले की तरह अब नहीं लगता नंदलाल चौराहा और चावला मार्केट पर जाम

- अखंड हिंद फौज वॉलिंटियर्स की मदद से ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस के द्वारा चलवाया जा रहा ट्राफिक

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई कानपुर।** यहां की यातायात व्यवस्था भी पुलिस के लिए कम सिर दर्द नहीं है। शहर के कई ऐसे चौराहे भी हैं ,जहां लोगों को आए दिन घंटों जाम की समस्या से जुड़ना पड़ता है ,जिसमें गोविंद नगर थाना क्षेत्र का नंदलाल और चावला मार्केट चौराहा भी शामिल है, लेकिन वर्तमान समय में इन दोनों ही चौराहों पर यात्रियों के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था करने में पूर्ण सफलता मिली है। इन दोनों ही चौराहों पर आजकल अखंड हिंद फौज वॉलिंटियर्स की मदद से ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस के द्वारा ट्रैफिक चलवाया जा रहा है। जिससे लोगों को जाम में फंसने के रूप में पहले की तरह परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इसके लिए गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा भी लगातार सक्रिय रहते हैं। कानपुर से पहले फैजाबाद, बाराबंकी ,अंबेडकर नगर ,गाजियाबाद , मेरठ और राजधानी लखनऊ के महत्वपूर्ण अनेक थानों में अपनी सराहनीय सेवाएं दे चुके इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा अपनी टीम के साथ गोविंद नगर में गस्त के साथ ही ट्रैफिक समस्या के खिलाफ भी केंद्रित रहते हैं ,ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो सके। साथ ही आम जनता में सुरक्षा की भावना को और प्रगाढ़ करने के लिए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही लगातार गश्त में भी जुटे अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुके गोविंद नगर के तेजतर्रार, व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा कानून और शांति व्यवस्था की पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने में भी अग्रणी रहते हैं । उनके मुताबिक अगर किसी के साथ कोई भी अपराधिक घटना होती है तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को अवश्य देनी चाहिए, क्योंकि पुलिस आम जनता के हित में ही सदैव तत्पर और सक्रिय है। फिलहाल चावला मार्केट और नंदलाल चौराहे पर जाम के खिलाफ सुगम यातायात में मिली सफलता से राहगीर भारी राहत भी महसूस कर रहे हैं।



# पंचक्रोशी यात्रा की तैयारियों का कमिश्नर,आईजी, डीआईजी, कलेक्टर और एसपी ने लिया जायजा

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए माकूल प्रबंध करने के दिए निर्देश

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन / जगदीश परमार।** आगामी 3 मई से 7 मई तक पंचक्रोशी यात्रा संचालित की जाएगी। यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। शनिवार को संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, आईजी श्री संतोष कुमार सिंह ,डीआईजी श्री नवनीत भसीन, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने पंचक्रोशी यात्रा के पड़ाव स्थलों का सघन भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने पड़ाव स्थलों पर पर्याप्त छांव, शीतल पेयजल, चिकित्सा, राशन, आवश्यक मरम्मत आदि कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक,अपर कलेक्टर श्री अनुकूल जैन, एडिशनल एसपी श्री जयंत सिंह राठौर सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।



# संसदीय क्षेत्र रतलाम झाबुआ व अलीराजपुर के मतदान दलों का द्वितीय रेनडमाइजेशन सम्पन्न

- मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण के उपरांत रेन्डमाइजेशन किया जाता है। रतलाम की विधानसभा वार रेन्डमाइजेशन रतलाम जिले से किया जाकर रिटर्निंग ऑफीसर को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र रतलाम के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री वी संपत, रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना की उपस्थिति में जिला झाबुआ एवं अलीराजपुर के विधानसभावार मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र 191 अलीराजपुर ,192 जोबट, 193 झाबुआ, 194 थांदला एवं 195 पेटलावद के मतदान दलों का रेण्डमाइजेशन समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति मे जिला सूचना अधिकारी एन.आई.सी झाबुआ कपिल कुमावत द्वारा किया गया। जैसा की विदित है मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण के उपरांत रेन्डमाइजेशन किया जाता है। रतलाम की विधानसभा वार रेन्डमाइजेशन रतलाम जिले से किया जाकर रिटर्निंग ऑफीसर को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पेटलावद अनिल कुमार राठौर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी थांदला तरुण जैन, सहायक रिटर्निंग अधिकारी झाबुआ हरिशंकर विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जोबट वीरेंद्र सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अलीराजपुर तपीश पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अलीराजपुर सुश्री प्रियांशी भंवर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# थाना राघवी पुलिस ने अवैध रूप से शराब तस्करी करते पाए जाने पर एक आरोपी के विरुद्ध किया प्रकरण दर्ज




- 7 कार्टून (पेटी)कुल 63 लीटर देशी शराब की आरोपी से बरामद।
- कुल करीब 28000 रू का मश्रुका आरोपी से किया बरामद।

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन / जगदीश परमार।** पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा आचार संहिता प्रभावशील होने से शहर में अवैध रूप से शराब, मादक पदार्थ व अन्य नशे की सामग्री का परिवहन करने वाले आरोपियों की धड़पकड़ हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में थाना राघवी पुलिस को वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम धनोडिया में पुलिया के पास एक आरोपी अवैध रूप से शराब बेचने की फिराक में है सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी को मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान से हिरासत में लिया गया व 07 कार्टून अवैध शराब बरामद की गई उक्त शराब रखने के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति का पूछा गया जो नही होना बताया, जिस पर से आरोपी सुरेश सिंह पिता हरिसिंह निवासी ग्राम धनोडिया के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का दर्ज किया गया। जप्त मश्रुका 07 कार्टून (पेटी) देशी शराब कुल 350 क्वार्टर कीमती करीब 28000 रू। सरहनीय भूमिका - थाना प्रभारी श्री राहुल देशमुख ( प्रशिक्षु भा.पु.से),सउनी बाबूलाल मुकाती आर 389 सुमित जाटव की मुख्य भुमिका रही।

# काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ चले हैं : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा को किया संबोधित...

- सीएम ने कांग्रेस और सपा पर साधा जमकर निशाना
- बोले योगी, परिवारवाद के नाम पर जाति को बदनाम करती है समाजवादी पार्टी
- कहा- सपा की सहानुभूति माफिया के साथ, पढ़ने जाते हैं फातिहा
- योगी ने कहा, बेकार में चुनाव लड़ रही है सपा, युद्ध से पहले ही मान चुके हैं हार



♦भारत टाइम्स♦

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहा है कि राम और कृष्ण की धरती पर ये लोग गोकशी की छूट देना चाहते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिए बीजेपी प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे सीएम योगी ने यहां जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब वे मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' वाले लोगों को लगता है कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, वहीं कांग्रेस राज में उनके चट्टे-बट्टे गरीबों का राशन भी डकार जाते थे। निशाने पर परिवारवाद मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि हम काशी और अयोध्या के बाद मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। उन्होंने सपा को टार्गेट करते हुए कहा कि क्या उन लोगों ने कभी ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए कभी कुछ किया है। उन्हें यादवों में भी केवल अपने परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाया है। इन लोगों ने अपने परिवार के बाहर कुछ सोचा ही नहीं और परिवारवाद के नाम पर जाति को बदनाम करते रहते हैं। माफिया के लिए फातिहा पढ़ते हैं उन्होंने कहा कि इनकी सहानुभूति गरीबों के साथ न होकर माफिया के साथ है। माफिया के लिए ये लोग फातिहा पढ़ते हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी और माफिया गठजोड़ पर सवाल उठाए। सीएम ने कहा कि सपा पोषित माफिया विधायक कृष्णानंद राय, कई पुलिसकर्मी, कई भाजपा नेता के साथ ही सपा के विधायक राजू पाल और अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या करते हैं, मगर समाजवादी पार्टी को कोई सहानुभूति नहीं, इनकी सहानुभूति केवल माफिया के साथ रहती है। जब माफिया अपनी मौत मर रहा है और अपने कृत्यों की सजा पा रहा है, तो ये लोग फातिहा पढ़ने उसके घर जा रहे हैं। जनता को इन्हें पांच साल और फातिहा पढ़ने के लिए छोड़ देना चाहिए। ये पलायन का रास्ता ढूंढ रहे हैं सीएम योगी ने पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश में हुए आतंकी बम धमकों को याद करते हुए कहा कि जिन आतंकियों ने अयोध्या में राम मंदिर, वाराणसी में संकट मोचन मंदिर, विभिन्न न्यायालयों और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था, सपा सरकार ने उन मुकदमों को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। तब न्यायपालिका ने इन्हें लताड़ते हुए यहां तक पूछा था कि आज आप लोग आतंकवादियों के मुकदमों को वापस ले रहे हो, कल इन्हें पद्म पुरस्कार भी दोगे क्या? व्यवसाई को परेशान किया तो

### इन लोगों के मंसूबे बहुत ही खतरनाक

*मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को आधार बनाते हुए कहा कि इन लोगों के मंसूबे बहुत ही खतरनाक हैं। इन्होंने 1947 में देश को बांटा अब अपने मेनिफेस्टो में कहते हैं कि देश के लोगों की संपत्ति का सर्वे कराएंगे, उसपर विरासत टैक्स लगाएंगे और आधी संपत्ति पर कब्जा करके बांट देंगे। इन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या और आबादी बढ़ाने वाले तत्वों को आपकी संपत्ति बांटकर भारत का तालिबानीकरण करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी ओर ओबीसी के आरक्षण के हक पर डकैती डालना चाहती है और इसमें सपा उसका साथ दे रही है। ये अब भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की धरती पर गोकशी की छूट देना चाहते हैं। क्या राम और कृष्ण के भक्त कभी इसे स्वीकार करेंगे। कांग्रेस व्यक्तिगत कानून को फिर से लागू करके तीन तलाक को दोबारा लागू कराना चाहती है। देश में माओवादी अपसंस्कृति को लागू करना चाहती है। ये 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' वाले लोग हैं। जनता को अब भारत, राम और कृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करने वालों के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, लोकसभा प्रभरी शिव शंकर शर्मा, सुनील पांडेय, वृंदावन लाल गुप्ता, सांसद चंद्रसेन जादौन, विधायक मनीष असीजा, प्रेमपाल सिंह धनखड़, महापौर कामिनी राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सिंह, लोकसभा प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।*



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग बेकार में चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि देश में सरकार बनाने के लिए 273 सीटें चाहिए और ये केवल 63 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। सपा और कांग्रेस अखाड़े में आने से पहले ही युद्ध हार चुके हैं। अब ये पलायन का रास्ता ढूंढ रहे हैं। बोरिया बिस्तर बांध देंगेमुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय सुहागनगरी फिरोजाबाद का कांच का उत्पाद बंदी की कगार पर चला गया था। अधिकारी परेशान करते थे। 2017 में हमारी सरकार बनते ही हमने कहा कि किसी व्यवसाई को परेशान किया तो बोरिया बिस्तर बांध देंगे। आज पूरी दुनिया में फिरोजाबाद का ग्लास छा रहा है।

## प्राकृतिक आपदा भी नहीं डिगा पाई हौंसला चुनाव कार्मिकों का



♦भारत टाइम्स♦



**यादराम वर्मा सवाई माधोपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत टोंक-सवाई माधोपुर क्षेत्र के सवाई माधोपुर जिले में मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम संग्रहण स्थल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर पर ईवीएम संग्रहण हेतु प्रत्येक विधानसभावार पर्याप्त मात्रा में टेबल एवं कार्मिक लगाकर संग्रहण की व्यवस्था की गई थी। ईवीएम संग्रहण के साथ-साथ मतदान कार्मिकों के लिए शीतल जल, चाय के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन की व्यवस्था सभी चुनाव कार्मिकों के लिए की गई थी। चुनाव समाप्ति के निर्धारित समय सांय 6 बजे पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव, जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के नेतृत्व में उप जिला निर्वाचन अधिकारी जगदीश आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना सहित चारों विधानसभा के डीएआरओ सहित संबंधित चुनाव में लगे अन्य अधिकारी एवं कार्मिक शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात ईवीएम संग्रहण स्थल पर पहुंच चुके थे ताकि वे ईवीएम जमा कराने आने वाले कार्मिकों को बिना किसी परेशानी के ईवीएम जमा की जा सके इसके लिए प्रत्येक विधानसभावार चारों पांडालों में दस-दस काउंटरो की व्यवस्था की गई थी। जहां पर प्रत्येक काउंटर पर 25 पोलिंग पार्टियों की मतदान सामग्री जमा होना निर्धारित था। चारो विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों के स्वागत एवं ईवीएम संग्रहण की तत्परता से तैयारी चल रही थी उसी समय करीब सांय 6:30 बजे अचानक मौसम बदला और करीब 100 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से आंधी तूफान के साथ-साथ बारिश और ओले पड़ने शुरू हो गए। जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सभी कार्मिक तुरन्त पांडालों से निकलकर स्कूल के अन्दर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे। इस प्राकृतिक आपदा से शहर में जगह-जगह पेड़ गिर गए, रास्ते बाधित हो गए, विद्युत सप्लाई बन्द हो गई इससे संसाधन प्रबंधन एवं कम्युनिकेशन विकट समस्या उत्पन्न हो गई। इस प्राकृतिक आपदा से 20 से 30 मिनट में ही टेन्ट, कुर्सी, बिजली, माईक सहित सभी व्यवस्थाएं पल भर में धाराशाय हो गई, जगह-जगह पानी भर गया, परन्तु जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस प्राकृतिक आपदा में भी अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मौका मुआयना कर अधिकारियों के पूर्व अनुभव के आधार पर आपातकालीन व्यवस्था करने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी सेक्टर अधिकारी एवं मतदाल दलों को बूथो से रवाना होने से रोका गया। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आंधी तूफान से पेड़ो के गिर जाने से बाधित रास्तों को पुलिस एवं आमजन के सहयोग से सुचारू किया गया। दूसरी ओर ईवीएम संग्रहण के लिए अल्टर्नेट व्यवस्था के तौर पर सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए साहूनगर स्कूल में मुख्य दरवाजे के पास हॉल नंबर 18 की 5 खिड़कियों की रेलिंग तोड़कर, खण्डार विधानसभा क्षेत्र के लिए फुटबॉल मैदान के पास कमरा नंबर 14 की ईंटे हटाकर पांच खिड़कियां बनाई गई। गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के लिए स्कूल के अन्दर के बरामदे का पानी बाहर निकालकर संग्रहण स्थल तैयार किया गया। बामनवास विधानसभा के लिए नवनिर्मित स्कूल लेब में एक नई व्यवस्था की गई। विद्युत विभाग के कार्मिकों द्वारा संग्रहण स्थल सुरक्षा की जांच कर जनरेटर के माध्यम से प्रकाश, माईक अनाउंसमेन्ट की समुचित व्यवस्था कर कम्युनिकेशन चैनल एवं नियंत्रण कक्ष में समन्वय स्थापित किया। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी एआरओ, सेक्टर अधिकारी एवं पोलिंग पार्टियों को जिला निर्वाचन अधिकारी का संदेश पहुंचाया गया।

## थाना नागदा पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान अवैध रूप से शराब तस्क री करते पाए जाने पर एक आरोपी के विरुद्ध किया प्रकरण दर्ज

♦भारत टाइम्स♦



**उज्जैन नागदा / जगदीश परमार।** कुल 08 पेटी देसी शराब व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार की आरोपी से बरामद। कुल करीब 5,32,000 रू का मश्रुका आरोपी से किया बरामद। पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा आचार संहिता प्रभावशील होने से वाहन चैकिंग कर शहर में अवैध रूप से शराब, मादक पदार्थ व अन्य नशे की सामग्री का परिवहन करने वाले आरोपियों की धड़पकड़ हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में थाना नागदा पुलिस ने भद्रकाली चामुंडा माता मंदिर तिराहा बायपास रोड नागदा तरफ वाहन चैकिंग के दौरान एक आरोपी अवैध रूप से शराब परिवहन करते पाया गया आरोपी से उक्त शराब रखने के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति का पूछा गया जो नही होना बताया,मौके से उक्त अवैध शराब व शराब परिवहन में उपयोग किए जाने वाले वाहन को जप्त किया जाकर आरोपी मनोज मीना निवासी जवाहर नगर नागदा के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का दर्ज किया गया। जप्त मश्रुका 1.08 पेटी देसी शराब कुल 400 क्वार्टर कीमती करीब 32,000 रू। 2.घटना में प्रयुक्त वाहन मारुति स्विफ्ट वीडीआई कार कीमती करीब 5,00,000 रू का आरोपी से जप्त किया गया। सरहनीय भूमिका थाना प्रभारी नागदा श्री धनसिंह प्रआर सोम सिंह भदौरिया, प्र आर सुनील, आर सुरेश दांगी, आर संदीप पाटिल, आर सुखदेव की मुख्य भूमिका रही।

# कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है: सीएम योगी

## इटावा से भाजपा सांसद व प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया के पक्ष में सीएम ने की जनसभा...

♦भारत टाइम्स♦



**औरैया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय गरीब भूखों मरता था। सपा के लोग वसूली करते थे। माफिया सत्ता पर हावी होकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन सपा ने आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। गरीब भूखों मरता था और यह लोग आतंकियों को बिरयानी खिलाते थे। कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के जनता महाविद्यालय, अजीतमल में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने इटावा के सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया को फिर से 'दिल्ली' भेजने की अपील की। आतंकी हमलों में हुआ हाथ तो पाकिस्तान हो जाएगा साफ सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने दस वर्ष में भारत के सर्वांगीण विकास, आपके और आपके भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए कार्य किए हैं। देश में अब सुरक्षा का माहौल है। पटाखा फूटने पर अब पाकिस्तान तुरंत ही सफाई देता है कि मेरा कोई हाथ नहीं है। उसे पता है कि अगर हाथ हुआ तो पाकिस्तान साफ हो जाएगा। मोदी जी ने 10 वर्ष में जो कार्य किए, कांग्रेस 65-70 वर्ष में भी नहीं कर पाई सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि आतंकवाद, नक्सलवाद का जनक कौन है। औरैया को विकास और एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज से किसने वंचित किया था। मोदी जी के नेतृत्व में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। कांग्रेस, सपा-बसपा ने कुल मिलाकर जितना कार्य नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में उससे अधिक कार्य कर दिया। सीएम ने पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया। समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहती है कांग्रेस सीएम योगी ने कहा कि यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जातियों के हकों पर डकैती डालने का कार्य कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस कह रही है कि पिछड़ी जाति को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण में मुसलमानों को भी शामिल कर उन्हें लाभ देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने विरोध किया था कि धार्मिक आधार पर देश में आरक्षण नहीं हो सकता, लेकिन यह लोग धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहते हैं। यह लोग अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात करना चाहते हैं। यूपीए सरकार के समय ऐसे प्रयास प्रारंभ हुए थे। भाजपा ने विरोध करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति, जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकार मिलने से कोई वंचित करेगा तो भीषण आंदोलन करेंगे। भाजपा ने आंदोलन भी किया था।

### अब हम लोग ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं

*सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा के लोग इन्हें सपोर्ट कर रहे थे। तब कांग्रेस ने हमारे आराध्य देवों के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए। काशी और अयोध्या पूरा हो गए, अब हम ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं। भाजपा ने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान होगा और समान नागरिक कानून लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक हुए 16 में से सभी 16 सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल जीत रहे हैं। 80 की 80 सीटें भाजपा जीतेगी।*

## हेल्थ सेक्टर में यूपी की एक और उपलब्धि, 80 लाख के पार पहुंचे एबीएचए बेस्ड ओपीडी रजिस्ट्रेशन

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** हेल्थ सेक्टर में नई नए कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) आधारित ओपीडी रजिस्ट्रेशन में 80 लाख के आंकड़े को पार कर लिया है। इस संख्या तक पहुंचने वाला उत्तर प्रदेश देश का इकलौता राज्य है। यह सीएम योगी द्वारा प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति लोगों में जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के लिए कीए गए प्रभावी प्रयासों का प्रतिफल है। शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एबीएचए आधारित रजिस्ट्रेशन की संख्या 80,60,089 पहुंच गई है। यह देश में सर्वाधिक है। दूसरे स्थान पर मौजूद आंध्र प्रदेश (44,98,060) की तुलना में यूपी ने 35 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करने में सफलता प्राप्त की है। यूपी और आंध्र प्रदेश के अलावा टॉप 5 सूची में कर्नाटक (35,78,779), जम्मू एंड कश्मीर (33,75,658) और दिल्ली (18,16,328) शामिल हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की पहल है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत शुरू किया गया एक स्वास्थ्य बचत खाता है। इसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उनकी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एबीएचए के साथ, नागरिक अपने चिकित्सा और स्वास्थ्य रिकॉर्ड को एक केंद्रीकृत खाते में संग्रहीत कर सकते हैं और इसे अपनी विशिष्ट एबीएचए आईडी के माध्यम से एक्सेस कर सकते हैं। एबीएचए आईडी नागरिक के आधार या मोबाइल नंबर से जुड़ी एक अद्वितीय 14 अंकों की पहचान संख्या है।

# यूपी में अब आसान नहीं गोकशी, 10 साल तक जेल और 5 लाख तक जुमार्ने का है प्राविधान

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांग्रेस के मैनिफेस्टो में अल्पसंख्यकों को खानपान की आजादी को लेकर लगातार हमला कर रहे हैं। शुक्रवार को अपनी रैलियों के अलावा शनिवार को उन्होंने अपने सरकारी आवास पर भी मीडिया से बातचीत में इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर गोमांस को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस देश का हिंदू गोमांस से पूरी तरह से परहेज करता है। गाय उसके लिए मां के समान है। कांग्रेस मुसलमानों को इसकी छूट देने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश ने गोहत्या को लेकर प्रदेश में पहले से ही कड़ा कानून बना रखा है। इसके तहत, प्रदेश में गोकशी पर 10 साल की सजा और 5 लाख तक के जुमार्ने का प्रावधान है। वहीं, गोवंश के अंगभंग पर सात साल की जेल और 3 लाख के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। दोबारा दोषी पाए जाने पर दोगुनी सजा योगी सरकार ने 2020 में ही गोकशी पर अध्यादेश लाने के साथ इसे कानून का रूप दिया था। उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अधिनियम 2020 में योगी सरकार ने कई नए प्राविधानों को जोड़ा था, जिससे प्रदेश में गोकशी करना आसान नहीं रह गया है। इसके तहत, उत्तर प्रदेश में गोकशी या गोवंश की तस्करी के अपराधों में सजा और कड़ी कर दी गई है। इस अधिनियम के तहत गोवंश की तस्करी पर 10 साल तक की जेल और दोबारा दोषी पाए जाने पर सजा दोगुनी हो सकती है। इससे पूर्व के कानून में गोवंश के वध या इस नीयत से तस्करी पर न्यूनतम सजा का प्रावधान नहीं था। लेकिन संशोधित अधिनियम में गोकशी पर न्यूनतम 3 साल की सजा और न्यूनतम 3 लाख जुमार्ना तय किया गया है। वहीं, गोवंश को अंगभंग करने पर भी कम से कम 1 साल की सजा और 1 लाख का न्यूनतम जुमार्ना होगा। अधिनियम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो कोई किसी गाय या उसके गोवंश को ऐसी शारीरिक क्षति करता है, जो उसके जीवन को संकट में डाले या अंग भंग करे, उस व्यक्ति पर एक वर्ष से साथ वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपए से तीन लाख रुपए तक के जुमार्ने से दंडित किया जाएगा। तस्करी पर अभियुक्त से वसूला जाएगा भरण-पोषण का खर्च संशोधित कानून के अनुसार अगर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा गोवंश जब्त किया जाता है तो एक साल तक उसके भरण-पोषण के खर्च की वसूली भी अभियुक्त से ही की जाएगी। पूर्व के कानून में गोवंश या उसके मांस को ढोने वाले वाहनों, उनके मालिकों या चालकों पर कार्रवाई को लेकर तस्वीर साफ नहीं थी। वहीं संशोधित कानून में अब जब तक वाहन मालिक साबित नहीं कर देंगे कि उन्हें वाहन में प्रतिबंधित मांस की जानकारी नहीं थी, वे भी दोषी माने जाएंगे। साथ ही चालक और ऑपरेटर भी दोषी होंगे। वाहन सीज कर दिया जाएगा। इस अधिनियम के तहत सभी अपराध गैरजमानती होंगे। पिछले कानूनों में नहीं थी कड़े दंड की व्यवस्था योगी सरकार ने 2020 में अध्यादेश और फिर अधिनियम बनाकर इसे प्रदेश में लागू किया था। इस कानून की आवश्यकता इसलिए महसूस की गई थी, क्योंकि पूर्व के कानून में अनेक संशोधनों के बाद भी इस प्रकार की शिथिलता बनाए रखी गई जिसके कारण कानून का क्रियान्वयन जन आकांक्षाओं के अनुरूप प्रभावी रूप से नहीं किया जा सका और गाय तथा गोवंश के अवैध वध एवं अवैध परिवहन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसलिए कानून में संशोधन करके गोवंश के अवैध वध एवं अवैध परिवहन पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया।



# कांग्रेस के समय किसान आत्महत्या और भ्रष्टाचारी ऐश करता था: सीएम योगी

- हाथरस से भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान 'वाल्मीकि' के लिए मुख्यमंत्री ने की जनसभा
- आरोप: कांग्रेस ने पहले देश को बांटा, अब संपत्ति को बांटने की साजिश कर रही
- अहिरयार समाज के उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने भेजा प्रस्ताव
- आह्वान: आत्मविश्वास से बचते हुए मतदान केंद्र तक जरूर जाएं

♦भारत टाइम्स♦

**हाथरस।** गरीब, किसान, महिलाएं, युवा सपा-बसपा व कांग्रेस के एजेंडे में नहीं थे। यह केवल वोट बैंक की राजनीति करते थे। यह जाति, समाज को बांटने का पाप करते थे। उनके समय में गरीब भूखमरी का शिकार होता था और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। किसान आत्महत्या करता था और भ्रष्टाचारी ऐश करता था। माफिया सरपरस्त बनकर सत्ता का संचालन करते थे, लेकिन आज बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में साढ़े छह लाख युवाओं को नौकरी दी गई। अब पात्रता के आधार पर ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ चुनाव में एक तरफ भाजपा व एनडीए है तो दूसरी तरफ कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को क्रीड़ा स्थल सिकंदराराऊ में हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनूप प्रधान 'वाल्मीकि' के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि इस धरती ने अनेक महापुरुषों, साहित्यकारों और काका हाथरसी जैसे कवि को



जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिकोण से दो चरणों की 191 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। रुझान बताते हैं कि हाथरस के हींग की खुशबू और फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। जितना काम कांग्रेस-सपा, बसपा ने नहीं किया, उससे अधिक कार्य भाजपा शासन में हुआ सीएम ने कहा कि उत्साहित जनता मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना चाहती है। दस वर्ष में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद और आतंकवाद समाप्त हुआ है। विकास के अनेक कार्य हुए हैं। एक ओर भाजपा ने विकास योजनाएं दीं तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने 65 वर्ष तक देश, सपा को चार बार व बसपा को तीन बार प्रदेश में शासन करने का अवसर मिला। इन सबको मिलाकर जितना कार्य इन लोगों ने देश-प्रदेश में नहीं किया। उससे अधिक कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश व सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में हुआ है। दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा-बसपा के दलाल हजम कर जाते थे सीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस के समय गरीब भूखों मरता था। स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में मरते थे। पहले दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा-बसपा के दलाल हजम कर जाते थे। आज सीधे गरीब के अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार होली-दीवाली में फ्री में सिलेंडर भी उपलब्ध करा रही है। पसीना आपका और डकैती करेंगे सपा-कांग्रेस, इंडी गठबंधन की सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में देश को बांटा, अब घोषणा पत्र में कह रही है कि हम संपत्ति सर्वे कराएंगे, फिर बाप-दादा की कमाई पर विरासत टैक्स लगाएंगे। इस टैक्स का मतलब चार कमरे के मकान में यह कहेंगे कि दो कमरे में रहो, दो कमरे सपा-कांग्रेस के अधिकार में चला जाएगा। पसीने से मकान बनाया आपने और डकैती करने यह लोग आएंगे। ऐसा करने की कतई छूट नहीं देना है। इन लोगों ने पहले देश को बांटा, अब संपत्ति को बांटने की साजिश कर रहे हैं। जब हम माफिया पर कार्रवाई करते हैं तो यह उसके घर में जाकर फातिहा पढ़ते हैं। भारत के तालीबानीकरण करने की साजिश सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने कहा कि पर्सनल कानून यानी तीन तलाक की कुप्रथा को लागू करेंगे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के तालीबानीकरण करने की साजिश का हिस्सा है। अल्पसंख्यक को मर्जी के अनुसार खानपान यानी गोकशी की छूट देंगे। हिंदू के लिए इससे बड़ा पाप नहीं हो सकता। कांग्रेस देश को दंगों की आग में झोकना चाहती है और अपने स्वार्थ के लिए भारत के विभाजन की आधार रखना चाहती है। हिंदुस्तान इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। रामकृष्ण की धरती पर गोकशी नहीं होगी। कसाइयों को गौमाता की हत्या की छूट नहीं देने देंगे। कांग्रेस, सपा-बसपा के हिडन एजेंडे को पहचानकर समय रहते जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। यह लोग देश की संप्रभुता-अखंडता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सपा-कांग्रेस के लोग देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं सीएम ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो अनूसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के लोगों के हकों पर डकैती डालने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी गठित की। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में देश के संविधान का प्रारूप तैयार हो रहा था तो कहा गया कि धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं हो सकता है, लेकिन जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बैकडोर से डकैती कर सके। आज उसी तर्ज पर फिर से यह लोग काम कर रहे हैं। सपा-कांग्रेस और सहयोगी दल देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं। अहिरयार समाज के उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने भेजा प्रस्ताव सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने यहां के अहिरयार समाज को आरक्षण से वंचित करने का पाप भी किया था। पहले यह अनुसूचित जाति में आती थी, लेकिन कांग्रेस ने इन्हें हटाने का कार्य किया था। इन्हें उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने प्रस्ताव भेजा है। यह बलदाऊ की भूमि है और यह कहते थे कि रामकृष्ण हुए ही नहीं। आह्वान: आत्मविश्वास से बचते हुए मतदान केंद्र जरूर जाएं सीएम ने कहा कि जूझारू अनूप वाल्मीकि ने राजस्व राज्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य किया। संसद में हाथरस की आवाज को बुलंद करेंगे। यहां के विधायकों संग विकास कार्य को आगे बढ़ाएंगे। सीएम ने आह्वान किया कि अति आत्मविश्वास से बचते हुए अधिक से अधिक लोगों को मतदान केंद्र तक ले जाएं। इस अवसर पर हाथरस के प्रभारी मंत्री असीम अरुण, हाथरस से भाजपा प्रत्याशी व योगी सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, विधायक अंजुला माहौर, वीरेंद्र सिंह राणा, रवींद्र पाल सिंह, राजकुमार सहयोगी, ठाकुर जयवीर सिंह, प्रदीप सिंह गुड्डू, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही।

### सीएम ने दिवंगत सांसद राजवीर सिंह दिलेर को किया याद

सीएम ने दिवंगत सांसद राजवीर सिंह दिलेर को याद किया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी। वे आज हमारे बीच में नहीं रहे। भाजपा परिवार की तरफ से श्रद्धांजलि देता हूं। उनके पिता किशन लाल दिलेर के साथ लंबे समय तक मुझे संसद में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। राजवीर सिंह दिलेर भी मेरे साथ सांसद थे। वह हाथरस के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहे हैं। हाथरस के विकास के लिए उनके मन की जो भावनाएं थीं, उसे पूरा करने में भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## चुनाव खत्म होते ही मुंबई रवाना हुए 'राम'

### यूपी की ग्रामीण अंचल से लगायत समूचे शहर में चर्चा का विषय बने अरुण गोविल

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक ब्यूरो)।** ।खनऊ।उत्तर प्रदेश के मेरठ में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल चुनाव खत्म होते ही मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। उनके मेरठ से जाने की चर्चा पूरे शहर में है। भाजपा प्रत्याशी व विश्व प्रसिद्ध पर्दे के राम अरुण गोविल चुनाव खत्म होते ही मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अरुण गोविल को मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के 'राम' के जाने से पूरे शहर में अरुण गोविल को लेकर चर्चा है। वहीं सपा और कांग्रेस गठबंधन से पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी पूर्व मेयर सुनीता वर्मा मैदान में हैं। उधर, बसपा से देवव्रत त्यागी चुनाव लड़ रहे हैं।



### रिश्तेदारी और थाने में पंचायत, फिर...

## बहन के देवर को दिल दे बैठी युवती, तीन दिन में ही प्यार की चढ़ गई खुमार

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक ब्यूरो)लखनऊ।** उतर प्रदेश के मऊ में बड़ी बहन के ननद की शादी में आई युवती अपने बहन के देवर को दिल दे बैठी और शादी करने की जिद पर अड़ गई। मामला इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्ष परेशान हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यूपी के मऊ जिले की हलधरपुर थाने पहुंचा जहां पुलिस परिजनों एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति में दोनों की शादी करा दी गई। पूरे क्षेत्र में इस शादी को लेकर



पूरे दिन चचाएं होती रही। बताया जाता है कि हलधरपुर थाना क्षेत्र के करऊत ग्राम पंचायत के ताजपुर बारी पुरवे में निवासी नागेंद्र राजभर की बेटी की बीते 24 अप्रैल को शादी थी। इस शादी में भाग लेने के लिए बड़ी बहू की छोटी बहन रंभा राजभर निवासी चांणी थाना करीमुद्दीनपुर (गाजीपुर) भी आई थी। इसी बीच रंभा अपने बहन की देवर सुनील को दिल दे बैठी और उनसे शादी करने के लिए अड़ गई। पहले तो परिजनों ने समझाने का प्रयास किया। मामला पुलिस तक पहुंच गया तो शनिवार को पूर्व ग्राम प्रधान लल्लन प्रजापति एवं दोनों पक्ष के परिजनों की उपस्थिति में हलधरपुर थाना स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रंभा और सुनील ने एक-दूसरे को वरमाला पहनकर एक साथ पति-पत्नी के रूप में रहना स्वीकार कर लिया।

## एक साथ बुझ गए तीन घरों के चिराग

### यूपी में दर्दनाक खूनी सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत




- बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे ने मेरठ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीनों आपस में दोस्त थे, जो शादी समारोह से लौटते हुए हादसे का शिकार हो गए।

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक ब्यूरो) लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक दर्दनाक खूनी सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीन घरों के चिराग बुझने से परिवारों और गांवों में मातम पसरा है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी की बिजनौर के नगीना में तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने एक बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे ने मेरठ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीनों आपस में दोस्त थे, जो शादी समारोह से लौटते हुए हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि बढ़ापुर के मोहल्ला नौमी के रहने वाले प्रिंस (19) पुत्र महेंद्र सिंह, गौरव (20) पुत्र अमर सिंह और वंश (21) पुत्र नरपाल सिंह एक ही बाइक पर सवार होकर शुक्रवार की शाम नगीना देहात थाना क्षेत्र के गांव मिर्जा नेकपुर में एक बरात में गए थे। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शादी में शामिल होने के बाद लौटते हुए शनिवार की तड़के करीब 3:30 बजे नगीना बुंदकी मार्ग पर ग्राम खुशहालपुर मठेरी की पुलिया के पास उनकी बाइक में पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसमें प्रिंस और गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वंश ने इलाज के दौरान मेरठ अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक में टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष हम्बीर सिंह ने मीडिया को बताया कि घायलों को नगीना अस्पताल भिजवाया। जहां प्रिंस और गौरव को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में एक पिकअप गाड़ी की पहचान हुई, जिसमें डीजे लदा हुआ था। स्थानीय थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से भागी पिकअप की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रिंस के चाचा उदय सिंह की तहरीर पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

भारतीय पत्रकार समिति
निष्पक्ष निडर सेवाभाव